# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 28 सितंबर 2025







संजय के दीक्षित

## तरकश

### नए मुख्य सचिव और चुनौतियां

इस स्तंभ के प्रकाशित होने के 48 घंटे बाद विकास शील छत्तीसगढ़ के नए मुख्य सचिव की जिम्मेदारी संभाल लेंगे। विकास शील के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती छत्तीसगढ़ की ब्यूरोक्रेसी की साख बहाल करने की होगी। वे ऐसे समय में प्रशासनिक मुखिया का दायित्व ग्रहण करने जा रहे हैं, जब घपले-घोटालों में सात वर्तमान और रिटायर आईएएस अधिकारी गिरफ्तार हो चुके हैं। डेपुटेशन पर सेवा देने आए इंडियन टेलीकाम सर्विस के दो अधिकारी बहती गंगा में डूबकी लगाने के चक्कर में सलाखों के पीछे पहुंच गए। और दूसरे कई मामलों में चार आईएएस अधिकारी ईडी और एसीबी के राडार पर हैं। इतना छोटा कैडर में दर्जन भर से अधिक अफसर अगर जांच एजेंसियों के निशाने पर हैं तो समझा जा सकता है स्थिति क्या है। दूसरा, कामकाज को गति देने विकास शील को सिस्टम में अनुशासन और रिजल्ट पर जोर देना होगा। कलेक्टर, एसपी को टाईट कर उनमें समन्वय बिठाने का प्रयास करना चाहिए। बीच में कुछ ऐसा वाकया हुआ, जिसमें पता चला कि जिले के कलेक्टर-एसपी में बातचीत की तो दूर की बात देखादेखी नहीं है। हालांकि, ये अच्छी बात है कि विकास शील के आने से पहले गुड गवर्नेंस की दिशा में अहम काम करते हुए मंत्रालय समेत राजधानी के सभी विभागों में ई-ऑफिस लागू कर दिया गया है। पहले जहां दो फीसदी अफसर भी टाईम पर मंत्रालय नहीं आते थे, वहीं अब 70 प्रतिशत से अधिक अधिकारी 10 बजे मंत्रालय पहुंच जा रहे। मगर बायोमेट्रिक अटेंडेंस अभी भी चालू नहीं हो पाया है। भारत सरकार में चीफ सिकरेट्री रैंक के अफसर बायोमेट्रिक अटेंडेंस लगाते हैं मगर छत्तीसगढ़ में इसे प्रतिष्ठा का प्रश्न बना दिया गया है। विकास शील को खुद पहल करते हुए पहले दिन से ही बायोमेट्रिक अटेंडेंस लगाना शुरू कर देना चाहिए। जाहिर है, वे प्रारंभ करेंगे तो फिर बाकी अपने आप शुरू हो जाएंगे। जाहिर है, इस साल एक जनवरी को मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में अफसरों की बैठक ली थी, उसमें भी उन्होंने टाईमिंग और अटेंडेंस को लेकर इशारों में अपनी मंशा व्यक्त की थी।

### सिस्टम में कैडर जरूरी

मंत्रालय में हालांकि, टाईमिंग फॉलो करने और ई-ऑफिस से काफी चीजें स्मूथ हुई हैं मगर मंत्रालय का सिस्टम कुछ मामलों में अभी भी पुराने ढर्रे पर चल रहा है। राज्य बनने के 25 साल बाद भी मंत्रालयीन अधिकारियों का कोई कैडर नहीं बना। लिहाजा, मैट्रिक पास भृत्य और बाबू आज भी पांच-पांच साल में प्रमोशन पाकर अंडर सिकरेट्री, डिप्टी सिकरेट्री बन रहे हैं। जबकि, दीगर राज्यों में मंत्रालयीन अधिकारियों का अलग कैडर होता है। उनकी अलग से भर्ती होती है...मंत्रालय में काम करने की ट्रेनिंग दी जाती हैं। जाहिर है, मंत्रालय में ही अगर स्किल्ड सिस्टम नहीं होगा तो फिर चीजें फास्ट कैसे होंगी। अलबत्ता, मंत्रालय के बाहर भी हाल जूदा नहीं है। प्रायमरी सेक्टर...हेल्थ और स्कूल एजुकेशन की बात करें...हेल्थ में अंधा बांटे रेवड़ी की तरह किसी को भी सीएमओ बना दिया जा रहा। ऐसे रेवड़ी वाले सीएमओ साहबों से सरकार की योजनाओं को लेकर क्या उम्मीद पाली जा सकती है। कायदे से सीएमओ का एक कैडर बनाना चाहिए। स्कूल शिक्षा में गुरूजी लोग डीईओ और जेडी बन जा रहे। प्रशासनिक अनुभव उन्हें होता नहीं। जोर-जुगाड़ करके वे प्रशासनिक पद पर पहुंच तो जाते हैं मगर उस कार्य में सक्षम नहीं होते। लिहाजा, अनियमितता में लगातार सस्पेंड हो रहे या जांच में घिर रहे। इसी तरह बाकी विभागों में भी वर्किंग सिस्टम बनाने प्रयास करना चाहिए, जो 25 सालों में नहीं हो पाया।

### 500 से अधिक डिप्टी कलेक्टर

छत्तीसगढ़ सरकार के पास इस समय 500 से अधिक डिप्टी कलेक्टर हो गए हैं। यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सरकार को विभिन्न विभागों के प्रशासनिक कार्यों में इनका उपयोग करना चाहिए। भूपेश बघेल सरकार ने अपर कलेक्टर रैंक के दो अफसरों को पहली बार डीपीआई में बिठाया था। मगर स्कूल शिक्षा के माफियाओं ने उन्हें साल भर तक कोई प्रभार नहीं देने दिया। हाई कोर्ट में याचिका लगी सो अलग। आखिरकार, दोनों को डीपीआई से हटाना पड़ गया। नए चीफ सिकरेट्री विकास शील को डिप्टी कलेक्टरों के सही उपयोग पर विचार करना चाहिए। संभागीय मुख्यालयों वाले जिलों में डिप्टी कलेक्टरों को जिला शिक्षा अधिकारी बनाने का आईडिया बुरा नहीं। हालांकि, ऐसा नहीं कि डिप्टी कलेक्टरों के आने से गड़बड़ियां रुक जाएंगी। मगर यह सही है कि प्रशासनिक चीजें कुछ दुरूस्त होंगी। शिक्षक बेचारे रैकेट के फेर में पड़ निबट जा रहे, उससे तो बचेंगे।

### आईएएस को रजिस्ट्रार

छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी ह्यूमन रिसोर्स को लेकर इतने गंभीर थे कि मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने सूबे के दोनों विश्वविद्यालयों में आईएएस को रजिस्ट्रार बनाया। बिलासपुर विश्वविद्यालय में तीन-तीन आईएएस रजिस्ट्रार रहे। डॉ0 एसके राजू, सोनमणि बोरा और शहला निगार। इसी तरह रायपुर विश्वविद्यालय में भी कई साल तक आईएएस कुलसचिव रहे। मगर इसके बाद रजिस्ट्रार का कैडर ही खतम कर दिया गया। अब रविशंकर विवि हो या फिर बिलासपुर के अटलबिहारी बाजपेयी विवि या दुर्ग, सरगुजा और बस्तर विश्वविद्यालय...सभी जगहों पर शिक्षकों को प्रभारी रजिस्ट्रार बना हायर एजुकेशन के सिस्टम को कबाड़ा किया जा रहा है। नए चीफ सिकरेट्री को हायर एजुकेशन की बेहतरी के लिए रजिस्ट्रार कैडर को फिर से जीवित करने का प्रयास करना चाहिए। आईएएस को न सही, राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को तो जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। यदि यूनिवर्सिटी के सिस्टम में सुधार होगा तो कॉलेजों की स्थिति बदलेगी।

### 6 दिन पहले आदेश का मतलब

छत्तीसगढ़ के 25 साल में 13 मुख्य सचिवों की नियुक्ति हुई हैं। इनमें पहली दफा अबकी सीएस के रिटायरमेंट के छह दिन पहले नए सीएस का आदेश निकाल दिया गया। इससे पहले अभी तक सीएस के रिटायरमेंट के दिन सुबह या दोपहर आदेश निकलता था। अमिताभ जैन के 30 जून को रिटायरमेंट के दिन भी ऐसा ही हुआ था। 12 बजे से कैबिनेट की बैठक बुलाई गई थी और उसमें अमिताभ जैन की विदाई के बाद आदेश निकालने का प्लान था। कैबिनेट में सारे मंत्री एक-एक कर विदाई भाषण दे चुके थे। इस बीच दिल्ली से फोन आ गया। अमिताभ को तीन महीने का एक्सटेंशन के लिए प्रस्ताव भेजिए। और फिर उन्हें सेवा विस्तार मिल गया। इस बार भी 30 सितंबर को अमिताभ जैन की विदाई के लिए फिर से कैबिनेट बुलाई गई है। बैठक में विदाई भाषण भी होगा। मगर फर्क यह रहेगा कि नए सीएस को लेकर कोई सस्पेंस जैसी स्थिति नहीं रहेगी। सरकार ने छह दिन पहले आदेश जारी कर अपना स्टैंड क्लियर कर दिया और अपना कांफिडेंस भी बता दिया। दरअसल, बाकी राज्यों में भी सीएस की नियुक्ति का ट्रेंड बदल रहा।

### फास्ट पोस्टिंग का रिकार्ड

अमिताभ जैन भले ही पौने पांच साल की सीएस की पारी खेलकर विदा हो रहे हैं मगर सबसे फास्ट पोस्ट रिटायरमेंट पोस्टिंग का आरपी मंडल का रिकार्ड शायद ही कोई तोड़ पाए। नवंबर 2020 में आरपी मंडल जब मुख्य सचिव से रिटायर हुए तो उन्हें अमिताभ जैन के नए सीएस के आदेश निकलने के 20 मिनट के भीतर नया रायपुर विकास प्राधिकरण के चेयरमैन बनाने का आर्डर जारी हो गया था। छत्तीसगढ़ में अभी तक किसी भी मुख्य सचिव को सेवानिवृत्ति के बाद इतनी फास्ट पोस्टिंग नहीं मिली। सुनिल कुमार को भी तीन महीने लग गए थे। हालांकि, यह बताना जरूरी होगा कि छत्तीसगढ़ के 12 मुख्य सचिवों में से प्रॉपर रिटायरमेंट कम का ही हुआ। एसके मिश्रा, एके विजयवर्गीय, शिवराज सिंह और विवेक ढांड ने पोस्ट रिटायरमेंट पोस्टिंग के लिए समय से पहले वीआरएस ले लिया था। पी0 जॉय उम्मेन ने भी वीआरएस लिया मगर इसके पीछे पद से हटाए जाने की उनकी नाराजगी रही। तीसरे मुख्य सचिव आरपी बगाई की सरकार के साथ रिश्तों की खाई इतनी चौड़ी हो गई थी कि प्रॉपर रिटायरमेंट का सवाल नहीं उठता। विवेक ढांड ने भी वीआरएस लिया था मगर पर्दे के पीछे कुछ और बातें रही। ढांड के बाद अजय सिंह नौंवे मुख्य सचिव बनें। मगर सरकार बदलने पर जनवरी 2019 में उन्हें हटा दिया गया।

### रिटायरमेंट का तोहफा

छत्तीसगढ़ में अमिताभ जैन से पहले 11 मुख्य सचिव हुए हैं, उनमें से तीन को छोड़ सभी को सभी को पोस्ट रिटायरमेंट पोस्टिंग मिली है। उन तीन में प्रथम मुख्य सचिव अरुण कुमार, आरपी बगाई और पी0 जॉय उम्मेन शामिल हैं। बताते हैं, अरुण कुमार पोस्टिंग के इच्छुक नहीं थे, इसलिए वे भोपाल चले गए। आरपी बगाई के सरकार से रिश्ते बिगड़ गए थे। और उम्मेन को रमन सरकार ने बिजली बोर्ड का चेयरमैन कंटिन्यू करने का ऑफर दिया था मगर छुट्टी मनाने के दौरान सरकार द्वारा खो कर दिए जाने से वे इतने नाराज थे कि रिटायरमेंट का तोहफा स्वीकार नहीं किया। इन तीनों के अलावे सभी को सरकारों ने रिटायरमेंट का गिफ्ट दिया। सुनील कुजूर को भले ही थोड़ा छोटा मिला मगर उन्हें भी पिछली सरकार ने सहकारिता निर्वाचन आयुक्त बनाया गया।

### अमिताभ को सीआईसी?

चीफ सिकरेट्री अमिताभ जैन 30 सितंबर को रिटायर हो रहे हैं। उनके पास राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष का पद है मगर अतिरिक्त प्रभार होने की वजह से सीएस से हटते ही यह ओहदा स्वयमेव समाप्त हो जाएगा। अमिताभ को मुख्य सूचना आयुक्त बनाए जाने की अटकलें कई महीने से चल रही हैं। उन्होंने इसके लिए इंटरव्यू भी दिया है। इस बीच विद्युत नियामक आयोग में चेयरमैन का पद खाली हो गया है। इस पद के लिए अमिताभ का दावा प्रबल समझा जा रहा था। मगर सिस्टम के रफ्तार से नहीं लगता कि अमिताभ को पोस्टिंग देने फिलहाल कोई विशेष उत्साह दिखाया जा रहा। चेयरमैन के पद को खाली हुए 10 दिन होने जा रहे मगर उर्जा विभाग ने अभी तक विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया है। ऐसे में बहुत संभावना है कि रिटायरमेंट के बाद अमिताभ को मुख्य सूचना आयुक्त बनाया जाए। हालांकि, सीआईसी का मामला हाई कोर्ट में लंबित है। किंतु सुनने में आ रहा, कोर्ट में कुछ हलचल हुआ है। स्टे हटते ही सरकार सूचना आयोग में नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ कर देगी। विद्युत नियामक आयोग में रिस्क इस बात का है कि नेशनल लेवल पर इसका विज्ञापन होना है, कोई बाहर का आदमी बड़ा एप्रोच लेकर आ गया तो फिर जोखिम हो जाएगा।

### 19 बैच के कलेक्टर?

राज्योत्सव से पहले सूबे में कलेक्टरों का ट्रांसफर किए जाने का सरकार का कोई प्लान नहीं था। मगर राजनांदगांव कलेक्टर डॉ0 सर्वेश्वर भूरे के डेपुटेशन पर जाने की वजह से वहां नए कलेक्टर की पोस्टिंग अब अपरिहार्य हो गई है। सर्वेश्वर ज्वाइंट टेक्सटाइल कमिश्नर बनकर मुंबई जा रहे हैं। समझा जाता है कि एक सितंबर से पहले वे यहां से रिलीव हो जाएंगे। जाहिर है, इससे पहले राजनांदगांव में नए कलेक्टर की पोस्टिंग करनी होगी। कलेक्टर के लिए यंग अफसरों की बात की जाए, तो 2018 बैच कंप्लीट हो गया है, 2019 बैच शुरू होना है। 2019 बैच में पांच आईएएस अफसर हैं। वैसे राजनांदगांव विधानसभा अध्यक्ष और 15 साल के मुख्यमंत्री डॉ0 रमन सिंह का निर्वाचन जिला है। उनकी कोई पसंद अगर सामने आई तो हो सकता है, 2019 बैच से उपर के किसी आईएएस अधिकारी को मौका मिल जाए। हालांकि, अपवादस्वरूप दो-एक बार को छोड़ दें तो राजनांदगांव कभी किसी आईएएस का फर्स्ट डिस्ट्रिक्ट नहीं रहा। राजनांदगांव मुकेश बंसल का तीसरा जिला रहा तो सर्वेश भूरे का चौथा।

### बिना मेजर सर्जरी सत्ता बदलाव

30 सितंबर को अमिताभ जैन के रिटायरमेंट से पहले आईएएस की एक ट्रांसफर लिस्ट निकलेगी। जाहिर है, एसीएस रेण पिल्ले और सुब्रत साहू नए मुख्य सचिव विकास शील से सीनियर हैं, इसलिए दोनों को मंत्रालय से शिफ्थ किया जाएगा। हालांकि, दोनों के पास सरकार में कोई खास जिम्मेदारी नहीं है। रेणु के पास साइंस एंड टेक्नालॉजी है और सुब्रत के पास सहकारिता। सहकारिता में वैसे भी सीआर प्रसन्ना सिकरेट्री हैं। ऐसे में, सहकारिता से सुब्रत को हटाया जाएगा तो कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा। सुब्रत के पास प्रशासन अकादमी है। मगर जहां तक संभावना है अक्टूबर में रेवेन्यू बोर्ड के चेयरमैन का पद खाली हो रहा है। टीपी वर्मा 31 अक्टूबर को रिटायर होंगे। अत्यधिक संभावना है सुब्रत को अक्टूबर एंड में प्रशासन अकादमी के डायरेक्टर जनरल के बदले रेवेन्यू बोर्ड चेयरमैन बना दिया जाए। रही बात रेणु पिल्ले की तो उनके पास इस समय माध्यमिक शिक्षा मंडल और व्यापम चेयरमैन का चार्ज है। साइंस एंड टेक्नालॉजी हटने के बाद उनके पास इन दोनों महत्वपूर्ण परीक्षा एजेंसियों का प्रभार रहेगा। रेणु पिल्ले का साइंस एंड टेक्नालॉजी सरकार किसी और सिकरेट्री को दे देगी। कहने का मतलब यह है कि नए चीफ सिकरेट्री के ज्वाईन करने के बाद सरकार को बहुत ज्यादा उठापटक करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आमतौर पर कई अधिकारियों को सुपरसीड करके जब मुख्य सचिव बनाए जाते हैं तो बड़ी प्रशासनिक सर्जरी होती है। मगर छत्तीसगढ़ में पहले से ही दोनों सीनियर आईएएस अधिकारियों के पास जिम्मेदारी कम कर दी गई थी। दोनों बैचमेट ऋचा शर्मा और मनोज पिंगुआ के विभाग यथावत रहेंगे। लिहाजा, सीएम सचिवालय और जीएडी को ज्यादा झंझट नहीं करना पड़ेगा।

### डेपुटेशन का तांता

राजनांदगांव कलेक्टर डॉ0 सर्वेश भूरे प्रतिनियुक्ति पर ज्वाइंट टेक्सटाइल कमिश्नर बनकर मुंबई जा रहे हैं। उनके बाद छत्तीसगढ़ से आईएएस अधिकारियों के डेपुटेशन पर जाने का तांता लगने वाला है। 2006 बैच के एक आईएएस दिवाली के बाद दिल्ली जाएंगे। 2009 बैच की महिला आईएएस के सेंट्रल स्पोर्ट्स में जाने की बात सुनाई पड़ रही है। 2010 बैच के एक, 2011 बैच के तीन आईएएस और लाइन में हैं। 2012 बैच के दो आईएएस का अगले साल दिल्ली जाने का प्लान है। जगदलपुर कलेक्टर हरीश एस0 भी निजी कारणों से सेंट्रल डेपुटेशन पर जाने की चर्चा है। असल में, भारत सरकार ने सेंट्रल डेपुटेशन के लिए डायरेक्टर लेवल की एक पोस्टिंग केंद्र में करना अनिवार्य कर दिया है। इसके बिना केंद्र में कभी पोस्टिंग नहीं मिलेगी। वरना, पहले एक समय था...जब छत्तीसगढ़ से एक या दो आईएएस दिल्ली में होते थे। इस समय सर्वेश भूरे को मिलाकर 17 आईएएस डेपुटेशन पर हैं। अगले साल मई-जून तक ये संख्या 25 से उपर पहुंच जाएगी।

### अंत में दो सवाल आपसे

1. छत्तीसगढ़ में मुख्य सचिव की नियुक्ति हो गई, पूर्णकालिक डीजीपी के अप्पाइंटमेंट का अटका पेंच कब तक दूर होगा?
2. किस मंत्री और उनके अधीन बोर्ड के चेयरमैन के बीच मनीराम को लेकर खींचतान बढ़ती जा रही है?

## बर्खास्त बीएड योग्य सहायक शिक्षकों की नियुक्ति को हाईकोर्ट ने सही ठहराया

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने 2 हजार 621 बर्खास्त बीएड योग्य सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान, लैबोरेटरी पद पर समायोजित करने के राज्य सरकार के फैसले को सही ठहराया है। मामले में जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने कहा कि यह निर्णय न तो अवैध है और न ही मनमाना।



दरअसल जांजगीर चांपा निवासी संजय कुमार और मुंगेली निवासी विजय कश्यप ने अप्रैल 2025 में लिए गए सरकार के निर्णय को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया था कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के तहत सहायक शिक्षक के पूरे पद सीधी भर्ती से भरे जाने हैं, लेकिन सरकार ने इन पदों पर बर्खास्त शिक्षकों को समायोजित कर नियमों का उल्लंघन किया है। सरकार की ओर से तर्क दिया गया कि 4422 रिक्त पदों में से 2621 बर्खास्त शिक्षकों को समायोजित किया,जो अप्रैल 2024 में हाईकोर्ट के आदेश से बर्खास्त हुए थे। यह तमाम शिक्षक बीएड धारक थे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद डीएड योग्यता जरूरी होने से उनकी सेवाएं समाप्त हुई। सभी दलीलों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने माना कि सरकार का यह कदम नियमों के अनुरूप है और इसमें कोई मनमानी नहीं है। इसलिए याचिका को खारिज कर राज्य सरकार के समायोजन फैसले को बरकरार रखा।

## संदिग्धों का राजधानी बना ठिकाना किराएदारों की सूची केवल खानापूर्ति


हरिभूमि न्यूज:रायपुर

बाहर से आकर मकान किराए पर लेकर रहने वाले संदिग्धों की निगरानी करने सभी थानों में किराएदारों की सूची नियमित रूप से अपडेट करने का नियम है। राज्य की राजधानी होने की वजह से रायपुर की गिनती संवेदनशील शहरों में की जाती है। बावजूद इसके थानों में किराएदारों की सूची के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। राजधानी के किसी भी थाने में किराएदारों की सूची अपडेट नहीं है। अमूमन सभी थानों में किराएदारों की सूची तिहाई आंकड़े से ज्यादा नहीं है। हर थाने में पांच से आठ सौ के बीच किराएदारों की सूची है। एसआईए ने मंगलवार को जिस नक्सली दंपति को डीडीनगर के चंगोराभाठा से गिरफ्तार किया है, उसके बारे में मकान मालिक ने थाने में किसी तरह की जानकारी नहीं दी थी। कॉल ट्रेस नहीं होने पर नक्सली दंपति की गिरफ्तारी संभव नहीं थी।


डॉक्टर बनने की चाह, हमसे मिलेगी राह...

किर्गिज़स्तान की नंबर 1 मेडिकल यूनिवर्सिटी

International Higher School of Medicine (Bishkek Kyrgyzstan)







- 5.5 साल का कोर्स इंटर्नशिप के साथ।
- 23 साल का विश्वास।
- IHSM से 7000+ स्टूडेंट डॉक्टर बन चुके है।
- विश्व का एक मात्र कॉलेज जहां रेगुलर कोर्स के साथ-साथ NEXT की कोचिंग दी जाती है, 5.5 साल तक वो भी टॉप इंडियन फैकल्टी के द्वारा 500+ IHSM के डॉक्टर छत्तीसगढ़ में काम कर रहे है।
- 36 बैच पासआउट हो चुके है।
- दिल्ली से 3 घंटे की डायरेक्टर फ्लाईट
- इंडियन स्टूडेंट के लिए, इंडियन मैनेजमेंट की सुविधा
- इंडियन हॉस्टल एवं मेस

30 lakh Package Available T&C Apply*

Direct Practise to Licence

ADMISSION OPEN

FF-25, First Floor Shyam Plazza, Pandri, Raipur (C.G.) +91 9993266679

अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर

जनरल सर्जरी विभाग

Apollo HOSPITALS TOUCHING LIVES BILASPUR

शल्य चिकित्सा में विश्वास और विशेषज्ञता...



| बीमारियाँ | सर्जिकल उपचार |
|---|---|
| अपेंडिसाइटिस | अपेंडिक्टोमी |
| पित्ताशय की बीमारी | पित्ताशय निकालना (कोलेसिस्टेक्टोमी) |
| हर्निया | हर्नियोराफी / हर्नियोप्लास्टी |
| आंत की सूजन / क्रोहन रोग | पाचन तंत्र को निकालना |
| डाइवर्टीकुलाइटिस | बड़ी आंत का ऑपरेशन |
| आंतों में रुकावट | छोटी या बड़ी आंत की रुकावट को खोलना |
| फोड़ा | त्वचा या कोमल ऊतकों में जमा मवाद निकालना |
| सेलुलाइटिस | डेड सेल्स या मवाद निकालना |
| थायरॉइड रोग | थायरॉइडेक्टॉमी |
| परिधीय धमनी रोग | ब्लॉकेज हटाना |
| वैरिकोज़ वेन्स | थक्कों को निकालने के लिए छोटे चीरे |
| पाइलोनाइडल साइनस | फोड़ा या सिस्ट को हटाना |
| बवासीर | हेमोरॉइडेक्टॉमी |
| एनल फिशर | फिशर रिपेयर |
| फिस्टुला | फिस्टुलेक्टोमी |

24/7 लैब और पैथोलॉजी सेवाएँ | 4 आधुनिक ऑपरेशन थिएटर | 20,000+ सफल सर्जरी | डेडिकेटेड सर्जिकल आईसीयू सुविधा | 5 लाख+ संतुष्ट मरीज़

आपातकालीन हेल्पलाइन: +91 97551 98280, +91 97555 93802

Get more updates Scan for Facebook · Get more updates Scan for Instagram




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार, 28 सितंबर 2025



# 41 साल बाद एशिया कप फाइनल में भिड़ेंगे भारत-पाक, दुबई में आज महामुकाबला!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत एशिया कप 2025 के फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा, जो 28 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के 41 साल के इतिहास में भारत और पाकिस्तान के बीच यह पहला एशिया कप फाइनल होगा, जो इस मुकाबले में रोमांच का एक और स्तर जोड़ देगा। टूर्नामेंट में इससे ▶▶|शेष पेज 6 पर

**4 फैक्टर्स तय करेंगे रिजल्ट**

- पिच और टॉस से जुड़ा कनफ्यूजन
- भारत की ओपनिंग जोड़ी
- पाकिस्तान के तेज गेंदबाज
- भारत की स्पिन तिकड़ी

**आज रात्रि 8 बजे से, दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम**



### ये हैं सबसे ज्यादा बार भिड़ने वाली टीमें

एशिया कप इतिहास में सबसे ज्यादा बार आपस में फाइनल में भिड़ने का रिकॉर्ड भारत और श्रीलंका के नाम दर्ज है। दोनों टीमों की फाइनल में कुल 9 बार भिड़ंत हुई है। भारत और श्रीलंका ने एशिया कप के पिछले संस्करण का फाइनल खेला था। बता दें कि भारत टूर्नामेंट की सफल टीम है, जिसने अब तक आठ खिताब जीते हैं। उसके बाद श्रीलंका (6 ट्रॉफी) है।

### 16 संस्करण में कभी नहीं खेला फाइनल

भारत-पाकिस्तान की टीमें एशिया कप इतिहास में पहली बार आपस में खिताबी मुकाबला खेलेंगी। साल 1984 से टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा लेकिन पिछले 16 संस्करण में चिर प्रतिद्विंदी टीमों ने कभी आपस में फाइनल नहीं खेला था। भारतीय टीम दुबई में पाकिस्तान को रौंदकर नौवीं बार एशिया कप खिताब जीतने उतरेगी।



छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की 25 वीं वर्षगांठ

## राज्यपाल ने कहा-विलंब से न्याय की होती है हार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में वर्ष 2025 में अपनी 25 वीं वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को रजत जयंती समारोह का आयोजन कर ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की। इसमें न्याय, संविधानिक मूल्यों एवं विधि के शासन की 25 वर्षों की समर्पित सेवा का उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर न्यायालय की स्थापना से लेकर राज्य की न्यायिक प्रणाली की सशक्त स्तंभ बनने की यात्रा को रेखांकित किया गया।

यह आयोजन छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका ने अपने उद्बोधन में कहा कि न्यायपालिका का महत्वपूर्ण अंग बार और बेंच हैं, दोनों के साथ चलने से ही उचित न्याय प्राप्त हो सकता है। न्यायालय का कार्य सत्य की खोज करना है, जबकि अधिवक्ता की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अपने पक्षकार के प्रति होती है। इस प्रकार यद्यपि बार का कार्य अपने पक्षकार की पैरवी करना होता है, किन्तु उन्हें सत्य की खोज में ▶▶|शेष पेज 6 पर

### साय बोले-हाईकोर्ट ने दिए ऐतिहासिक निर्णय

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बिलासपुर को एक नई पहचान छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने दी है, जो अब न्यायधानी के रूप में जानी जाती है। छत्तीसगढ़ राज्य में उच्च न्यायालय की स्थापना के पश्चात युवाओं को लॉ क्षेत्र में करियर बनाने के नए अवसर मिले हैं। यह खुशी की बात है कि उच्च न्यायालय से लेकर जिला न्यायालयों में चल रहे प्रकरणों के निराकरण में काफी तेजी आई है। न्यायिक ▶▶|शेष पेज 6 पर

**तमिलनाडु के करूर में बड़ा हादसा, 50 से ज्यादा घायल**

# विजय की रैली में भगदड़, आठ बच्चों 16 महिलाओं समेत 38 ने गंवाई जान

तमिलनाडु के करूर में तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख और अभिनेता विजय की रैली में भगदड़ मच गई। रैली में भगदड़ से 36 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में आठ बच्चे, 16 महिलाएं शामिल हैं। करूर के अस्पतालों में अफरातफरी मच गई है। पुलिस ने रैली में पहुंची भीड़ को हटाने के लिए लाठीचार्ज किया। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने घटना पर चिंता जताई और तत्काल जांच और मेडिकल मदद के आदेश दिए हैं।

एजेंसी ▶▶| करूर

अभिनेता से राजनेता बने विजय को देखने के लिए भारी भीड़ जमा हुई थी। जब विजय सभा को संबोधित कर रहे थे, तब भीड़ बढ़ती गई और बेकाबू हो गई तथा पार्टी कार्यकर्ताओं और कुछ बच्चों समेत कई लोग बेहोश होकर गिर पड़े। कई कार्यकर्ताओं ने स्थिति को भांप लिया और शोर मचाया।

विजय ने ध्यान दिया और अपना भाषण रोककर, खासतौर पर बनाई गई प्रचार बस के ऊपर से लोगों तक पानी की बोतलें पहुंचाने की कोशिश की। एंबुलेंस को भीड़-भाड़ वाली सड़क से होते हुए घटनास्थल तक पहुंचने में काफी मशक्कत ▶▶|शेष पेज 6 पर

### कैसे मची भगदड़

रैली में लगभग 60 हजार से अधिक लोग मौजूद थे। भगदड़ उस समय शुरू हुई, जब रैली में एक 9 साल की बच्ची लापता हो गई। लोग उसकी तलाश में एक ही दिशा में तेजी से बढ़ने लगे। भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी मौजूद होने के बावजूद, अचानक लोगों के एक तरफ बढ़ने से स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई।

**भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने किया लाठीचार्ज**





### राष्ट्रपति और पीएम ने जताया दुख

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, पीएम नरेंद्र मोदी ने घटना पर गहरा शोक जताया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हादसे पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दुख जताया।

### विजय ने घटना के बाद किया पहला पोस्ट

रैली में हुई भगदड़ पर विजय एक्स अकाउंट पर लिखते हैं, 'मेरा मन टूट गया है। मैं असहनीय, ना बताई जा सकने वाली पीड़ा और दुख से छटपटा रहा हूं। इस बात को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।मैं अपनी गहरी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त करता हूं।

लद्दाख के पुलिस महानिदेशक ने किया बड़ा खुलासा

## वांगचुक के पाकिस्तान कनेक्शन जासूस के साथ संबंध का दावा

**लेह।** लद्दाख के हिंसा प्रभावित लेह शहर में कर्फ्यू लगाए जाने के तीन दिन बाद शनिवार को 4 घंटे के लिए प्रतिबंधों में ढील दी गई। इससे आवश्यक वस्तुओं की दुकानों के बाहर कतार में खड़े निवासियों को राहत मिली। इधर, लद्दाख के पुलिस महानिदेशक डॉक्टर एसडी सिंह जामवाल ने दावा किया है कि वांगचुक के पाकिस्तान से संबंध थे और उनके पास इसके रिकॉर्ड हैं। जामवाल ने वांगचुक की बांग्लादेश यात्रा पर भी सवाल उठाए हैं।

लद्दाख के पुलिस महानिदेशक एस.डी. सिंह जामवाल ने शनिवार को कहा कि कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के विरोध-प्रदर्शनों के वीडियो सीमा पार भेजने वाले एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट की पिछले माह हुई गिरफ्तारी के संदर्भ में, पुलिस वांगचुक के पाकिस्तान से कथित संबंधों ▶▶|शेष पेज 6 पर



### वांगचुक को बताया हिंसा का मुख्य सरगना

डीजीपी जामवाल ने कहा कि पिछले महीने एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट की गिरफ्तारी के बाद वांगचुक के पाकिस्तान से कथित संबंधों की जांच की जा रही है। उन्होंने वांगचुक को बुधवार की लद्दाख हिंसा का मुख्य सरगना बताया। उन्होंने बताया कि ▶▶|शेष पेज 6 पर

## हिंदू संगठनों के विरोध के बाद रद्द हुआ एल्विस का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

शारदीय नवरात्रि के दौरान डांडिया गरबा कार्यक्रम में एल्विस यादव और अंजलि अरोरा जैसे कलाकारों को बुलाए जाने का हिंदू संगठनों ने कड़ा विरोध किया है। डांडिया गरबा कार्यक्रम में अश्लीलता और



फूहड़ता परोसने का आरोप लगाकर हिन्दू संगठनों ने कलाकारों ▶▶|शेष पेज 6 पर

### स्थिति सामान्य

एल्विस यादव का कार्यक्रम रद्द हो गया है और वे वापस लौट गए हैं। अब स्थिति सामान्य है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो एएसपी सरगुजा




## डिवाइडर से टकराई थार, पांच की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। मृतकों और घायलों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। हादसा दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे निकास संख्या नौ पर हुआ जब तेज रफ्तार थार में सवार चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और वाहन सीधे डिवाइडर से टकरा गया।

## योगी बोले-मौलाना भूल गया शासन किसका है

**लखनऊ।** बरेली में शुक्रवार को हुए बवाल के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहद सख्त टिप्पणी की है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को



एक कार्यक्रम में कहा, आपने देखा होगा कल बरेली के अंदर वह मौलाना भूल गया कि शासन किसका है। वह मानता था कि धमकी देंगे और हम जबरदस्ती जाम कर देंगे।

## पाकिस्तानी नागरिक को बीएसएफ ने वापस भेजा

**जम्मू।** बीएसएफ ने हाल में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पकड़े गए एक पाकिस्तानी नागरिक को वापस भेज दिया। पाकिस्तान निवासी मोहम्मद अकरम को 25 सितंबर को जम्मू शहर के बाहरी इलाके में आर एस पुरा सेक्टर से हिरासत में लिया गया था। अकरम अनजाने में भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर गया था। घुसपैठिये के पास से आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई।



**पाकिस्तान ने डोनाल्ड ट्रंप के नाम की नोबेल पुरस्कार के लिए सिफारिश क्या कर दी है कि डोनाल्ड ट्रंप पाक के वास्तविक जेहादी चरित्र को पूर्णतः नकार कर उसके सारे गुनाहों को दरकिनार करते हुए गले से लगा रहे हैं। स्मरण कीजिए 10 मई को राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर ऐलान किया था कि वाशिंगटन की मध्यस्थता के चलते भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तकरीबन 42 दफा दोहराए गए इस दावे को और आगे भविष्य में ना जाने कितनी दफा दोहराया जाएगा। भारत सरकार ने राष्ट्रपति ट्रंप के दावे को कदाचित स्वीकार नहीं किया। इसी से ट्रंप खार खाए हुए हैं। यही कारण है कि वे आतंक के पोषक पाक के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल असीम मुनीर को शानदार इंसान और शानदार नेता बता रहे हैं। इस घटनाक्रम से स्पष्ट तौर से सिद्ध हो जाता है कि राष्ट्रपति ट्रंप भारत के प्रति किस कदर शत्रुतापूर्ण व्यवहार कर रहे हैं। वह भारत पर चौतरफा दबाव बनाने की कोशिशों में लगे हुए हैं। जब भारत उनके इस प्रेशर में आता नजर नहीं आ रहा तो अब वे ब्लैकमेलिंग पर उतर आए हैं। ट्रंप की इसी रणनीति का खुलासा करता *आजकल* का खास अंक...**

# ट्रंप लगातार भारत पर हमलावर क्यों



**विश्लेषण**

प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

अपने विगत कार्यकाल में राष्ट्रपति ट्रंप पाकिस्तान को वैश्विक जेहादी आतंकवादियों को पनाह देने वाला और परवरिश करने वाला सबसे खतरनाक और निकृष्ट मुल्क कहकर संबोधित करते थे। वर्तमान द्वितीय कार्यकाल में आश्चर्यजनक तौर पर डोनाल्ड ट्रंप के लिए पाकिस्तान सबसे प्यारा दुलारा मुल्क बन गया है।

हुकूमत ए पाकिस्तान ने डोनाल्ड ट्रंप के नाम की नोबेल प्राइज के लिए सिफारिश क्या कर दी है कि पाकिस्तान के वास्तविक जेहादी चरित्र को पूर्णतः नकार करके और उसके सारे गुनाहों को दरकिनार करके राष्ट्रपति ट्रंप ने उसको अपने गले से लगा लिया है। स्मरण कीजिए 10 मई को राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर ऐलान किया था कि वाशिंगटन की मध्यस्थता में हुई बातचीत के तत्पश्चात भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल संघर्ष विराम अंजाम देने के लिए सहमत हो गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तकरीबन 42 दफा दोहराए गए इस दावे को और आगे भविष्य में ना जाने कितनी दफा दोहराया जाएगा। भारत सरकार ने राष्ट्रपति ट्रंप के दावे को कदाचित स्वीकार नहीं किया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और भारत के मध्य जारी सैन्य संघर्ष में युद्ध विराम डोनाल्ड ट्रंप ने अंजाम दिलवाया था।

**अंतरराष्ट्रीय संबंधों की अत्यंत कड़वी सच्चाई को हाल ही में भारत और अमेरिका के मध्य कूटनीतिक संबंधों में आ गई कटुता के आईने में देखा जा सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अंजाम दिए जा रहे सारे कारनामों के फलस्वरूप भारत के राष्ट्रीय हितों को गहन क्षति पहुंच रही है। हाल में ही राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐलान कर दिया कि विदेशों में निर्मित ब्रांडेड दवाओं पर एक अक्टूबर 2025 से 100 प्रतिशत टैरिफ लागू हो जाएगा, जबकि भारत में निर्मित मेडिसिन बड़ी तादाद में अमेरिका को निर्यात की जाती है।**

## राष्ट्रीय हित ही सर्वोपरि

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किसी भी तीसरे पक्ष के सक्रिय हस्तक्षेप से भारत सरकार ने स्पष्ट इनकार कर दिया है। यही प्रस्थान बिंदु है, जहां से डोनाल्ड ट्रंप की हमलावर शत्रुता भारत के विरुद्ध प्रारम्भ होती है। राजनेताओं के मध्य स्थापित हुए व्यक्तिगत रिश्ते किसी मुल्क की विदेश नीति का कदापि आधार नहीं बन सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और विदेश नीति में केवल राष्ट्रीय हित ही सर्वोपरि होते हैं। राष्ट्रीय हितों के सरोकार अंतरराष्ट्रीय संबंधों और विदेश नीति का सदैव ही आधार स्तंभ होते हैं। ग्लोबल इकोनॉमी का नारा अमेरिका द्वारा ही बुलंद किया गया था। आज के दौर में डोनाल्ड ट्रंप की कयादत में दुनिया को ग्लोबल विलेज बनाने का सपना चूर-चूर हो चुका है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों की अत्यंत कड़वी सच्चाई को हाल ही में भारत और अमेरिका के मध्य कूटनीतिक संबंधों में आ गई कटुता के आईने में देखा और परखा जा सकता है। राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में अंजाम दिए जा रहे सारे कारनामों के फलस्वरूप भारत के राष्ट्रीय हितों को गहन क्षति पहुंच रही है। राष्ट्रपति ट्रंप के कारनामों से अमेरिका भी गहरे गर्त में गिरता जाएगा। भारत की दोस्ती और भरोसा गंवाकर आखिरकार अमेरिका द्वारा चीन से किस तरह से मुकाबला किया जा सकेगा।



## ट्रंप का शत्रुतापूर्ण व्यवहार

पाकिस्तान अपने जन्म काल से ही भारत के दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन के तत्पश्चात एक शत्रु देश बन गया। भारत और पाकिस्तान के मध्य चार बड़े सैन्य युद्ध अंजाम दिए जा चुके हैं। इन चारों सैन्य युद्धों में बुरी तरह से शिकस्त खाकर और भारत के विरुद्ध सीधा युद्ध करने की कुव्वत नहीं रख सकने के कारणवश पाकिस्तान के हुक्मरान विगत तकरीबन 37 वर्षों से भारत के विरुद्ध कश्मीर में प्राक्सी बार संचालित कर रहे हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का और उसके सैन्य कमांडर इन चीफ जनरल आसिफ मुनीर का रेड कारपेट बिछाकर राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा व्हाइट हाउस में खैरमक़दम अंजाम दिया गया। राष्ट्रपति ट्रंप के संबोधन के मुताबिक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और पाकिस्तान के फील्ड मार्शल शानदार इंसान हैं। इस घटनाक्रम से स्पष्ट तौर से सिद्ध हो जाता है कि राष्ट्रपति ट्रंप भारत के प्रति किस कदर शत्रुतापूर्ण व्यवहार कर रहे हैं। हाल ही में सऊदी अरब और पाकिस्तान के मध्य संपन्न हुई सैन्य संधि जिसे स्ट्रैटेजिक म्युचुअल डिफेंस एग्रीमेंट शीर्षक प्रदान किया गया, इस सऊदी-पाक सैन्य संधि को अंजाम तक ले जाने की पृष्ठभूमि में जो शख्सियत विद्यमान है वो है अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। दूसरे विश्व युद्ध के बाद अभी तक गल्फ मुल्कों को सैन्य संरक्षण अमेरिका प्रदान करता रहा है।

## गल्फ मुल्कों को पाक संरक्षण

अब मुस्तक़बिल में गल्फ मुल्कों को सैन्य संरक्षण अमेरिका का सबसे प्यारा देश बन गया पाकिस्तान उपलब्ध कराएगा। क्योंकि विश्व पटल पर पाकिस्तान ही एकमात्र ऐसा इस्लामिक देश है, जिसके पास परमाणु अस्त्रों की अत्यंत विकट शक्ति विद्यमान है। हालांकि इस्लामी देशों की कतार में अमेरिका का प्रबल शत्रु देश ईरान भी परमाणु शक्ति संपन्न देश बन जाने के कगार पर है। ऑर्गेनाइजेशन का इस्लामिक कंट्रीज (ओआईसी) का लीडर मुल्क सऊदी अरब रहा है। डोनाल्ड ट्रंप सऊदी अरब को भारत का शत्रु और पाकिस्तान का परम मित्र बनने पर आमादा हो गए हैं। अपने चेहते देश पाकिस्तान पर डोनाल्ड ट्रंप ने केवल 19 प्रतिशत टैरिफ आयद किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ऐलान किया है कि पाकिस्तान के तेल भंडारों के विकास पर भी जबरदस्त इमदाद प्रदान की जाएगी। अमेरिका को अगेन ग्रेट और अमेरिका फर्स्ट बनाने का नारा बुलंद करने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में बड़े-बड़े ऐलान किए थे कि वह दो दिनों के अंदर यूक्रेन-रूस की जंग को समाप्त कर देंगे और गाजा जंग का खात्मा कर देंगे। राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री नेतन्याहू को कूटनीतिक दबाव में लेने में नाकाम रहे, डोनाल्ड ट्रंप अब रूस-यूक्रेन युद्ध की तोहमत को भारत पर थोपने में लगे हुए हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप की गुस्ताखी देखिए कि उनके द्वारा चीन के मुकाबले में दोगुना टैरिफ भारत पर आयद कर दिया गया। साम्यवादी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ट्रंप द्वारा थोपे गए टैरिफ के जवाब में अमेरिका पर दो गुना टैरिफ आयद कर दिया है। फिर क्या था ट्रंप ने चीन पर टैरिफ बहुत कम कर दिया। लोकतांत्रिक भारत ने वस्तुतः अभी तक अत्यंत सदाशयता के साथ काम लिया है और अमेरिकी टैरिफ का कदाचित कड़ा प्रति उत्तर नहीं दिया है। अमेरिका के नेतृत्व में नाटो सैन्य संगठन के यूरोपियन देश रूस के साथ कितना बड़ा व्यापार यूक्रेन युद्ध के दौर में जारी रखे हुए हैं। इस जीवंत तथ्य पर कोई तल्ख टिप्पणी ट्रंप आखिरकार क्यों नहीं करते हैं?

## नोबेल पीस प्राइज की सनक

हाल में ही राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐलान कर दिया कि विदेशों में निर्मित ब्रांडेड दवाओं पर एक अक्टूबर 2025 से 100 प्रतिशत टैरिफ लागू हो जाएगा। भारत में निर्मित जेनेरिक और ब्रांडेड मेडिसिन बड़ी तादाद में अमेरिका को निर्यात की जाती है। डोनाल्ड ट्रंप भारत के साथ-साथ अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण तौर पर अमेरिका पर भी हमला कर रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप की नोबेल पीस प्राइज हासिल करने की अपनी सनक में आगे देखना है कि क्या-क्या नए गुल खिलते हैं।

# आक्रामक कूटनीति ही शांति का आधार



**रणनीति**

कांतिलाल मांडोत
स्वतंत्र पत्रकार

सुपर पावर अमेरिका को टक्कर देने वाला चीन आज भी एक विकासशील देश है। स्वतंत्र भारत में विदेश नीति की शुरुआत कल्पनाओं से हुई, जिसका भारी खामियाजा हमें आज तक भुगतना पड़ रहा है। पहले पाकिस्तान और उसके बाद चीनी आक्रमण के बाद भारत की मोदी सरकार ने सबसे पहले सैन्य को मजबूत करने पर ध्यान दिया किन्तु कूटनीति और विदेश नीति कैसे चलानी चाहिए, यह हमने अभी तक नही सीखा है। पिछले तीन दशक से चीन सामरिक और आर्थिक रूप से भारत से बहुत आगे निकल गया है। चीन एक कम्युनिस्ट देश है और उसका पूरा तंत्र सत्ता द्वारा नियंत्रित है। चीन के शासन का अपने यहां लोगों और साधनों पर पूरा नियंत्रण है। उसके शासकों के लिए नीतियां बनाना और उन्हें बलपूर्वक लागू करना आसान है इसलिए उसने तीन दशक से सामरिक और आर्थिक शक्ति में जो अभूतपूर्व प्रगति की है उसे समझा जा सकता है। चीन एक विशाल देश और अत्यंत प्राचीन सभ्यता है। उसके पास न प्रतिभा की कमी है, न साधनों की। लेकिन चीन जैसी केंद्रीय व्यवस्थाओं को सर्वतोमुखी विकास सम्भव नहीं होता। यूरोप और अमेरिका के बीच चीन की बढ़ती हुई शक्तियों को इसी रूप में देखा जा सकता है। विशेष तौर से अमेरिका इसे एक चुनौती की तरह देखने लगा है। इस समय अमेरिका विश्व की प्रमुख तरह की शक्ति है और उसे लग रहा है कि चीन उसके लिए धीरे-धीरे सामरिक और आर्थिक चुनौती बनता जा रहा है। इस आधार पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चीन को घेर रहे हैं। उसके साथ भारत पर हावी होने और कूटनीतिक दृष्टिकोण से भारत पर कड़क आर्थिक मार देकर भारत को दबा रहे हैं। चीन से सावधान रहने की बार-बार चेतावनी मिलती रही है। भारत के प्रति सम्मानपूर्ण व्यवहार किन कारणों से करेगा ? कोई ठोस आधार ही वह कारण हो सकता है जो भारत के पास हो। हम शांतिप्रेमी हैं, यह कोई कारण नहीं जिससे कोई देश हमें महत्व दे। भारत की इसी आधार पर उपेक्षा भी कर सकता है कि ऐसे देश से कोई समस्या नहीं होने वाली। वह इतना स्पष्ट है कि भारतीय नेताओं द्वारा इसे न समझा जाना आश्चर्यजनक है। पड़ोसी देश भी भारत के लिए कुतर्क की बात कर डराना चाहते हैं। पाकिस्तान कंगाल देश होने के बावजूद और भारत की ताकतवर सेना होने के बाद भी धमकियां देता है। चीन में अब तक कोई भी आतंकवादी हमला क्यों नही हुआ ? क्योकि मुसलमानों को चीन के संविधान का पालन करना पड़ता है। चीन में मुसलमानों के साथ कैसा व्यवहार होता है,उसके लिए पाकिस्तान और कट्टरवादी समाज उनका विरोध क्यों नहीं करते हैं। इसलिए भारत को आक्रामक होना होगा। भारत को धमकियों से डरने की प्रवृति छोड़नी चाहिए। यह प्रवृत्ति दुश्मनों को आकर्षित करती है। चीन के साथ हमारी पराजय ग्रंथि दूर कर एक मंच पर मोदी व शी जिनपिंग ने द्विपक्षीय व्यापार समझौता किया। चीन ने कई वर्षों तक भारत से किनारा किया। अमेरिका के बढ़ते दबाव के कारण भारत से चीन ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया। चीन ने अमेरिका और भारत के बीच तनाव को देखते हुए भारत के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बंध स्थापित कर लिए। चीन ने एक तीर से दो निशाने साधे हैं। भारत के साथ आयात निर्यात की सभी सीमाएं खत्म होने के बाद चीन को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। इस बीच भारत और अमेरिका के टैरिफ को लेकर बिगड़ते रिश्तों को देखकर चीन ने पासा फेंककर भारत के साथ राजनयिक रिश्ते मजबूत कर लिए लेकिन पाकिस्तान को मदद करना चीन ने आज भी नहीं छोड़ा है। चीन ने पाकिस्तान के साथ हजारों करोड़ का सौदा किया है। चीन अभी भी विकासशील देश का टैग पहने हुए है। यह नकाब कब उतरेगा, क्योंकि विकासशील देश का टैग पहने रहने से टैरिफ और एसडीटी जैसी सब्सिडी का लाभ मिलता है। अमेरिका से धोखा मिलने के बाद चीन ने भारत को बहुत बड़ा मार्केट दिया। 1962 के बाद भारत ने डटकर तिब्बत की स्वायत्तता का मुद्दा उठाया होता तो निश्चित मानिए चीन को हमारे साथ सद्भावनापूर्ण सम्बंध बनाने की चिंता होती। चीन के प्रति अब तक हमारा जो अज्ञान बना हुआ था,उसके कारण हम न उसकी वास्तविक शक्ति को समझते हैं, न कमजोरियों को। चीन ने भी इतने वर्षों तक हमारे बारे में अज्ञानतावश उतने ही भ्रम पाले हुए थे। लेकिन दोनों देशों के बीच सुधरे रिश्तों ने नई मिसाल पेश की है। चीन ने हमारे साथ शत्रु भाव पाल रखा था। उसकी जड़ें पाकिस्तान था क्योंकि भारत में पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादियों के कहर को पाकिस्तान भारत की चाल करार देता था। चीन ने पाकिस्तान को हमेशा गुलाम बनाकर रखा है। चीन ने हजारों हैक्टेयर जमीन पाकिस्तान से अनुदान के एवज में कब्जाई हुई है। फिर भी चीन से भारत को सतर्क रहना होगा।

**अमेरिका को लग रहा है कि चीन उसके लिए चुनौती बनता जा रहा है। इस आधार पर ट्रम्प चीन को घेर रहे हैं। उसके साथ कूटनीतिक दृष्टिकोण से कड़क आर्थिक मार देकर भारत को दबा रहे हैं।**

# प्रतिभा के पलायन को रोकने का बड़ा मौका



**अवसर**

प्रो. महेश चंद गुप्ता
शिक्षाविद व चिंतक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा फीस में बेतहाशा बढ़ोतरी कर दी है। पहले जहां यह फीस लगभग 80 हजार रुपये थी, वहीं अब इसे 80 लाख रुपये तक बढ़ा दिया है। स्वाभाविक है कि अब पहले जितनी संख्या में भारतीय युवा अमेरिका नहीं जा पाएंगे। इस फैसले से दुनिया भर में उथल-पुथल मची है, जिसका फायदा उठाने की कोशिश चीन कर रहा है। उसने 'के वीजा' नामक नई श्रेणी की घोषणा की है जिसके तहत वह दुनिया भर के युवा वैज्ञानिकों और तकनीकी प्रोफेशनल्स को अपने यहां आकर्षित करना चाहता है। यह वीजा शिक्षा, संस्कृति, विज्ञान तकनीक और व्यवसाय के क्षेत्र में अवसर उपलब्ध कराएगा। भारत के लिहाज से यह स्थिति एक बड़ी चुनौती और अवसर दोनों लेकर आई है। चुनौती इसलिए क्योंकि अमेरिकी दरवाजे बंद होने के बाद चीन नए अवसर देकर हमारी प्रतिभाओं को अपने यहां खींच सकता है। अवसर इसलिए है क्योंकि यह भारत के लिए प्रतिभा पलायन रोकने का सुनहरा मौका है। अब जरूरत इस बात की है कि सरकार, उद्योग जगत और कॉर्पोरेट सेक्टर मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करें जहां हमारे युवा देश में रहकर ही अपने सपनों को साकार कर सकें। भारत हमेशा से ही शिक्षा और प्रतिभा के मामले में समृद्ध रहा है पर प्रतिभा पलायन हमारी बड़ी समस्या है। हर साल लाखों छात्र-छात्राएं इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट और रिसर्च के क्षेत्र में पढ़ाई पूरी करते हैं लेकिन अफसोस है कि उनमें से बड़ी संख्या में युवा विदेशों का रुख कर लेते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि भारत में शोध के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं, रोजगार के अवसर सीमित हैं और जो अवसर उपलब्ध हैं, उनमें योग्य प्रतिभा को सम्मान और सुरक्षा का अभाव है। डॉक्टर, इंजीनियर और आईटी प्रोफेशनल विदेश जाकर वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं जबकि उनकी प्रतिभा का लाभ भारत को मिलना चाहिए। एक तरफ हम युवाओं की शिक्षा पर करोड़ों रुपये खर्च करते हैं, दूसरी ओर वे अवसरों की कमी के कारण देश छोड़ जाते हैं। यह भारत के विकास के लिए बड़ी हानि है। ट्रंप का वीजा फीस वृद्धि का कदम दुनिया के कई देशों के लिए चिंता का विषय हो सकता है लेकिन भारत को इसे सकारात्मक रूप में देखना चाहिए। कुल मिलाकर, अमेरिकी कदम भारत के लिए सकारात्मक है। इससे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए कि हम अपनी प्रतिभा को यहीं रोकें और उन्हें ऐसे अवसर दें जिससे वे विदेश जाने की बजाय देश में ही काम करें। अगर हम अपने युवाओं को यहीं अवसर देंगे तो देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। तकनीकी और डिजिटल क्षेत्र में आत्मनिर्भरता संभव होगी। मेड इन इंडिया का सपना साकार होगा।

**अब जरूरत इस बात की है कि सरकार, उद्योग जगत और कॉर्पोरेट सेक्टर मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करें जहां हमारे युवा देश में रहकर ही अपने सपनों को साकार कर सकें।**

# फिलहाल ट्रंप का ब्रांडेड दवाओं पर टैरिफ भारत के लिए बेअसर



**चुनौती**

डॉ. जयंतीलाल भंडारी
प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 26 सितंबर को ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान करके एक बार फिर टैरिफ लगाने की ट्रंप शृंखला को आगे बढ़ा दिया है। यह टैरिफ 1 अक्टूबर 2025 से लागू होगा। इससे पहले ट्रंप ने 27 अगस्त से भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। फिलहाल ट्रंप के दवा टैरिफ का भारतीय फॉर्मा कंपनियों पर ज्यादा असर नहीं होगा। कारण यह कि भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाली दवाओं में पेटेंट दवाओं का हिस्सा महज पांच फीसदी है और जेनेरिक दवाओं का हिस्सा 95 फीसदी है।

उल्लेखनीय है कि दवा टैरिफ उन कंपनियों पर नहीं लगेगा जो अमेरिका में ही दवा बनाने के लिए अपना प्लांट लगा रही हैं। ट्रंप ने यह साफ संकेत दिया है कि अगर किसी फार्मा कंपनी की अमेरिका में दवाओं की मैन्युफैक्चरिंग में दिलचस्पी है तो उसे 100 फीसदी टैरिफ से छूट मिलेगी। साथ ही किसी कंपनी ने अमेरिका में अपना प्लांट लगाना शुरू कर दिया है तो उसे भी इस 100 फीसदी टैरिफ से छूट मिलेगी। इसका उद्देश्य दुनिया की बड़ी फार्मा कंपनियों को अमेरिका में उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करना है। इस फैसले का ज्यादा असर उन देशों पर पड़ेगा जहां की फार्मा कंपनियां अमेरिका को ब्रांडेड दवाओं का निर्यात करती हैं।

गौरतलब है कि ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई और जेनेरिक दवाई में बड़ा अंतर है। चूंकि जेनेरिक दवाई का कोई नया पेटेंट नहीं होता, यह पहले से ही मौजूद फॉर्मूले पर आधारित होती है, अतएव जेनेरिक दवा बनाने वाली कंपनियों को रिसर्च का खर्च नहीं उठाना पड़ता, इसलिए जेनेरिक दवाइयों की कीमत ब्रांडेड दवा के मुकाबले बहुत कम होती है। खास बात यह है कि भारत जेनेरिक दवाइयां अमेरिका को निर्यात करने वाला सबसे बड़ा देश है। पिछले वर्ष 2024-25 में भारत ने अमेरिका को लगभग 10 अरब डॉलर की दवाइयां भेजीं, जो भारत के कुल दवा निर्यात का करीब एक तिहाई से अधिक है। निश्चित रूप से ट्रम्प ने ब्रांडेड दवाओं पर टैरिफ लगाने का फैसला अमेरिका में दवा उत्पादन को बढ़ाने के लिए लिया है। ट्रम्प का दवाई टैरिफ 'अमेरिका फर्स्ट' और 'मेक इन अमेरिका' नीति का हिस्सा है। ट्रम्प का यह भी मानना है कि दवाओं के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। कोरोना महामारी के दौरान अमेरिका ने यह देखा है कि अगर दवाई की सप्लाई चेन टूटती है तो अमेरिका में दवाओं की भारी कमी हो सकती है। ऐसे में ट्रंप ने ब्रांडेड दवाओं पर टैरिफ लगाकर, अमेरिका की पूरी फार्मा सप्लाई चेन को सुरक्षित करने का कदम उठाया है। ट्रंप के द्वारा जेनेरिक दवाओं पर टैरिफ नहीं लगाने के कुछ विशेष कारण भी उभरकर दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका में डॉक्टर रोगियों के लिए जो प्रिस्क्रिप्शन लिखते हैं, उनमें से हर 10 में से करीब 4 दवाइयां भारतीय कंपनियों द्वारा बनाई गई जेनेरिक दवाइयां होती हैं। इतना ही नहीं जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं से 80-90 फीसदी तक सस्ती होती हैं। ऐसे में अगर जेनेरिक दवाओं पर भी 100 फीसदी टैरिफ लग जाता, तो जेनेरिक दवाओं की कीमत बहुत बढ़ जाती। इससे अमेरिकी नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवा बहुत महंगी हो जाती, और यह सीधे तौर पर ट्रंप के लिए नए घरेलू असंतोष का कारण बन सकता था। दरअसल, भारतीय जेनेरिक दवाइयां अमेरिका के लिए लागत-बचत का एक अवसर है। आशंका है कि ट्रंप रणनीतिपूर्वक आगामी समय में जेनेरिक दवाइयों को भी टैरिफ के दायरे में ला सकते हैं। ऐसी आशंका के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में गिरावट भी आई है। विशेष रूप से फॉर्मा कंपनियों के शेयर मूल्य में बड़ी गिरावट दिखाई दी है। ऐसे में भारत को निर्यात तथा संपूर्ण अर्थव्यवस्था के लिए मूल्यवान फॉर्मा सेक्टर की डगर पर नीतिगत बदलावों के लिए तैयार रहना होगा।



**भविष्य में जेनेरिक दवाइयों पर किसी टैरिफ या अन्य कोई चुनौती के मद्देनजर भारत को फॉर्मा उद्योग के क्षेत्र में रणनीतिपूर्वक मजबूत होना होगा। इससे सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था लाभांवित होगी।**

भारत में पेटेंटेड ड्रग मैन्युफैक्चरिंग के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ाना होगा। निवेश के लिए इंटरनेशनल पार्टनर्स तलाशने होंगे। वैश्विक सप्लाई चेन को मजबूत बनने बारे में रणनीति बनानी होगी। देश में दवाइयों की गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा। सरकार के द्वारा फॉर्मा सेक्टर से संबंधित बुनियादी ढांचा को मजबूत बनाया जाना होगा। यद्यपि ट्रंप के द्वारा ब्रांडेड दवाओं पर लगाए गए 100 फीसदी टैरिफ फिलहाल भारत के लिए बेअसर हैं, लेकिन भविष्य में जेनेरिक दवाइयों पर किसी टैरिफ या अन्य कोई चुनौती के मद्देनजर भारत को फॉर्मा उद्योग के क्षेत्र में रणनीतिपूर्वक मजबूत होना होगा। इससे भारत का जो दवाई उद्योग वर्तमान में 55 अरब डॉलर के स्तर पर है, वह 2030 तक करीब 130 अरब डॉलर और 2047 तक करीब 450 अरब डॉलर की ऊंचाई पर दिखाई दे सकेगा। इससे रोजगार बढ़ेंगे, निर्यात बढ़ेंगे और सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था लाभांवित होगी।

# भारत को अस्थिर करने के लिए पाकिस्तानी कंधे की टेक



**भेंटवार्ता**

विकेश कुमार बडोला
स्वतंत्र स्तंभकार

गत बृहस्पतिवार व्हाइट हाउस ओवल कार्यालय में ट्रंप के निमंत्रण पर पहुंचे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ व सेना प्रमुख आसिम मुनीर की अमेरिकी राष्ट्रपति से हुई भेंटवार्ता दुनिया के लिए रहस्य बनी हुई है। दोनों पक्षों की भेंट का वास्तविक कारण सार्वजनिक नहीं किया गया है। एकल अथवा संयुक्त रूप में भी कोई ऐसा वार्ता-विवरण प्राप्त नहीं हुआ, जो अकस्मात हुई दोनों पक्षों की वार्तालाप का कोई ठोस उद्देश्य प्रकट कर सके। अमेरिका के स्तर पर पाकिस्तान के साथ होने वाली ऐसी गुप्त वार्ता विश्व के लिए एक असुरक्षित कूटनीतिक संकेत है। जून 2025 में भी ट्रंप ने ऐसा ही किया था। तब वे कनाडा में आयोजित हो रही जी-7 की बैठक बीच में ही छोड़, अमेरिकी ओवल कार्यालय में आसिम मुनीर के स्वागत हेतु पहुंच गये थे। वह प्रकरण भी अति विचित्र था। तब जी-7 में भारतीय प्रधानमंत्री मोदी का, आमंत्रित देश के प्रधान के रूप में उपस्थित होना ट्रंप के लिए असहज हो गया था। अतः मुनीर व ट्रंप की तत्कालीन भेंट भारत के संदर्भ में एक अप्रत्याशित कूटनीतिक उलझन बन गई थी। अब पुनः ट्रंप का मुनीर व शरीफ से मिलना, भारत के लिए नई कूटनीतिक समस्या उत्पन्न कर रहा है। ट्रंप की पाकिस्तानी शासकों के साथ ये उलझी हुई मैत्रीपूर्ण गुत्थी, भारत व अमेरिका के अनेक स्तरीय संबंधों को दिनोंदिन अविश्वास में धकेल रही है।

ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका तथा पाकिस्तान का यह नवीन संधि-आग्रह अवश्य ही भारत के प्रति दोनों देशों द्वारा बनाई-अपनाई जा रही किसी न किसी दूरगामी कूटनीति का संकेत है। इसका प्राथमिक व प्रत्यक्ष संबंध, दस दिन पहले ही अमेरिकी योजना से पाकिस्तान-सऊदी अरब के मध्य संपन्न हुए रणनीतिक सुरक्षा अनुबंध से है। भारत के प्रति पाकिस्तान के शत्रुतापूर्ण आचरण को देख-समझ कर भी अपने व भारत के अनेक क्षेत्रों के महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों को 'रणनीतिक सुरक्षा अनुबंध' द्वारा तिरोहित करने वाले सऊदी अरब को भारत ने दस दिनों में ही कई आघात दे दिए हैं। भारत ने अरब देश के अनेक निवेश समझौतों को समीक्षा पटल पर रख दिया है। भारत से विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों द्वारा लाभान्वित होने वाले अरबी व्यापारियों के मध्य तीव्र हलचल मची हुई है। वे अरब के मुखिया को इस बारे में चेतावनियां दे रहे हैं। सऊदी ने भारत के साथ उभरती अपनी इस नवीन समस्या के बारे में जब अमेरिका को सूचित किया या अमेरिकी शासन की प्रमुख गुप्तचर मण्डली ने जब इसका स्वयं संज्ञान लिया तो स्थितियों पर नया विचार हुआ। इसीलिए अधिक संभावना यही है कि इस प्रकरण पर आगे की रणनीति निर्धारित करने सऊदी की ओर से पाकिस्तानी प्रमुखद्वय ओवल कार्यालय में ट्रंप से मिलने चले गए।



**ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका तथा पाकिस्तान का यह नवीन संधि-आग्रह अवश्य ही भारत के प्रति दोनों देशों द्वारा बनाई-अपनाई जा रही किसी न किसी दूरगामी कूटनीति का संकेत है।**

यह स्पष्ट होता चला जा रहा है कि ट्रंप भारत को अस्थिर करने के लिए पाकिस्तानी कंधे का प्रयोग कर रहे हैं अथवा पाकिस्तान समेत अनेक मध्य पूर्वी मुस्लिम देशों की हिन्दू विरोधी मानसिकता को भांपकर अपने व अपने परिवार के व्यवसाय के प्रसार हेतु ऐसे देशों की भारत विरोधी कूटनीति-राजनीति को बढ़ाने में सहयोग कर रहे हैं, ताकि वे इनके साथ मनमाने व्यापारिक अनुबंध करके इनकी ओर से अमेरिकी अधिवक्ता बनने का अभिनय कर सकें। ट्रंप के बारे में यह तो निश्चित है कि वे देशों के मध्य युद्ध को भड़काकर और फिर शीघ्र अयुद्धक शांति की घोषणा करने का मूल्य, अमेरिका व अपना व्यापार बढ़ाकर अर्जित करना चाहते हैं।

विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या धारक भारत के साथ अमेरिकी अनुकूलता के आधार पर व्यापारिक अनुबंध न होने के कारण तथा चीन को अपने अधिक लाभांश हिस्से पर व्यापार करने के लिए सहमत न कर पाने के कारण, अब अमेरिका के लिए और विशेषकर ट्रंप व उनके परिजनों के व्यापार हेतु जनसंख्या से भरे पड़े तथा अमेरिकी शर्तों पर कुछ भी करने को सहमत होने वाले पाकिस्तान व बांग्लादेश जैसे देशों से ही अमेरिका, अमेरिकी व्यापारी तथा ट्रंप व्यावसायिक लाभार्जन करना चाहते हैं।

शरीफ व मुनीर के साथ ट्रंप की अप्रत्याशित, अनियोजित भेंट का मूल उद्देश्य तो पाकिस्तान समेत दूसरे मुसलिम देशों में अमेरिकी व्यापार की संभावनायें ढूंढना है, किंतु लगे हाथ मोदी से व्यक्तिगत शत्रुता प्रदर्शित करने के लिए भारत के विरुद्ध पाकिस्तान के स्तर पर किसी न किसी अशुभकारी षड्यंत्र की रूपरेखा बनाना भी हो सकता है।




बिलासपुर
रविवार, 28 सितंबर 2025
आश्विन शुक्ल पक्ष षष्ठी
वर्ष : 25, अंक : 186
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5.00***


मौसम
अधि. 31.0
न्यून. 23.9


haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





**30 को कैबिनेट**

## विकासशील का स्वागत और अमिताभ को दी जाएगी विदाई


विकासशील


अमिताभ जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साय कैबिनेट की बैठक 30 सितंबर को होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में विकासशील का नए मुख्य सचिव के रूप में स्वागत किया जाएगा, जबकि निवर्तमान मुख्य सचिव अमिताभ जैन को औपचारिक विदाई दी जाएगी।

दोपहर 3:30 बजे मंत्रालय कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णयों के साथ-साथ प्रशासनिक परिवर्तन की एक भावुक और ऐतिहासिक झलक भी देखने को मिलेगी। राज्य के मुख्य सचिव पद पर बदलाव को लेकर बुलाई गई बैठक में नवनियुक्त मुख्य सचिव विकास शील का स्वागत किया जाएगा,वहीं निवर्तमान मुख्य सचिव अमिताभ जैन को औपचारिक रूप से विदाई दी जाएगी। यह अवसर इसलिए भी खास माना जा रहा है, क्योंकि छत्तीसगढ़ ▶▶|शेष पेज 6 पर

### विकासशील होंगे छग के 13वें मुख्य सचिव

विकास शील, जो कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1994 बैच के अधिकारी हैं, राज्य के 13वें मुख्य सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगे। वे 30 सितंबर को ही केंद्र सरकार से प्रतिनियुक्ति से लौटेंगे और उसी दिन कार्यभार ग्रहण करेंगे। अमिताभ जैन, जो एक कुशल और लोकप्रिय अधिकारी रहे हैं, उन्हें कैबिनेट द्वारा विदाई देना एक सम्मानजनक परंपरा को आगे बढ़ाने जैसा कदम है। आमतौर पर मुख्य सचिवों को पद से रिटायर होने के बाद सामान्य प्रक्रिया में विदाई दी जाती है, लेकिन कैबिनेट स्तर पर यह विशेष ▶▶|शेष पेज 6 पर

**पीएम मोदी ने दी सौगात, ओडिशा से देश के 97 हजार मोबाइल साइट को जोड़ा**

# बीएसएनएल का देश मे स्वदेशी 4जी

एजेंसी ▶▶| झारसुगुड़ा

दूरसंचार अवसंरचना को मजबूती देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी नेटवर्क का उद्घाटन किया, जिससे भारत दूरसंचार उपकरण बनाने वाले प्रतिष्ठित देशों की सूची में शामिल हो गया। बीएसएनएल की रजत जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री ने 97,500 से अधिक 4जी मोबाइल टावरों का भी उद्घाटन किया, जिनमें से 92,600 टावर इसी टेलीकॉम सेवा प्रदाता की 4जी तकनीक से लैस हैं। इन टावरों का निर्माण लगभग 37,000 करोड़ रुपए की लागत से स्वदेशी प्रौद्योगिकी के साथ किया गया है।

बीएसएनएल और उसके साझेदारों के समर्पण की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि स्वदेशी 4जी स्टैक की शुरुआत से भारत का डेनमार्क, स्वीडन, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों की श्रेणी में प्रवेश हो गया है, जो स्वदेशी दूरसंचार उपकरण बनाते हैं। उन्होंने कहा कि जब 2जी, 3जी और 4जी जैसी दूरसंचार सेवाएं वैश्विक स्तर पर शुरू की गईं और भारत इन सेवाओं के लिए विदेशी प्रौद्योगिकी पर निर्भर रहा, अब भारत वैश्विक दूरसंचार विनिर्माण केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 4जी तकनीक के विस्तार से देश भर में दो करोड़ से ज़्यादा लोगों को सीधा फ़ायदा होगा। मोदी ने कहा, "लगभग 30,000 गांव, जहां पहले हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा नहीं थी, अब इस पहल से जुड़ जाएंगे। उन्होंने कहा कि 4जी सेवाओं से आदिवासी क्षेत्रों, दूरदराज के गांवों और पहाड़ी क्षेत्रों को सबसे अधिक लाभ होगा।

### इन देशों में शामिल हुआ भारत

भारत के अलावा स्वीडन, डेनमार्क, चीन और दक्षिण कोरिया ही टेलीकॉम नेटवर्क के लिए हार्डवेयर के साथ-साथ सॉफ्टवेयर बनाते हैं। बीएसएनएल की 4जी सर्विस लॉन्च होने से देश के 9 करोड़ यूजर्स को सीधे तौर पर फायदा पहुंचेगा। यूजर्स खराब नेटवर्क की वजह से ही निजी टेलीकॉम ऑपरेटर्स की तरफ अपना रूख करते हैं। सरकारी टेलीकॉम कंपनी के रिचार्ज प्लान निजी कंपनियों के मुकाबले 30 से 40% तक सस्ते हैं।



### 5जी में हो सकेगा अपग्रेड

प्राइवेट टेलिकॉम कंपनियों के मुकाबले में बीएसएनएल 4जी लॉन्च करने में भले पीछे रह गई हो, लेकिन 5जी में वह बराबर की टक्कर दे सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार, बीएसएनएल के 4जी नेटवर्क को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसे आसानी से 5जी में अपग्रेड किया जा सकेगा। बीएसएनएल इस साल के आखिर तक दिल्ली और मुंबई से अपनी 5जी सेवाएं शुरू कर सकती है बीएसएनएल 4जी रोलआउट का फायदा उसके 9 करोड़ से ज्यादा वायरलैस सब्सक्राइबर्स को मिलने की उम्मीद है।

### ग्रामीण क्षेत्र को मिलेगा फायदा

प्रधानमंत्री ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे ऑनलाइन कक्षाओं में भाग ले सकेंगे, दूरदराज के स्थानों के किसान फसल की कीमतें जान सकेंगे और मरीजों को टेलीमेडिसिन के माध्यम से डॉक्टरों से परामर्श करना आसान होगा। इस पहल से सशस्त्र बलों के कर्मियों को भी काफी लाभ होगा, क्योंकि इससे वे बेहतर कनेक्टिविटी के माध्यम से सुरक्षित रूप से संवाद कर सकेंगे। इस बात को रेखांकित करते हुए कि भारत पहले ही सबसे तेज 5जी सेवाएं शुरू कर चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी उद्घाटन किए गए बीएसएनएल टावर भी 5जी सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह सुसज्जित हैं।

### स्वदेशी तकनीक पर बेस्ड

बीएसएनएल का 4जी नेटवर्क पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक पर बेस्ड है। सरकार का कहना है कि भारत संचार निगम लिमिटेड की 4जी सर्विस के लिए सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर को भारत में ही डेवलप किया गया है। इस मामले में अब भारत दुनिया के टॉप 5 देशों में शामिल हो गया है, जहां स्वदेशी तकनीक पर 4जी नेटवर्क काम कर रहा है। इस नेटवर्क को तैयार करने में 37,000 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम बताया है।

**सिलतरा प्लांट हादसा**

## मृतकों के परिजनों को 46-46 लाख मुआवजा

मृतक के परिजनों को नौकरी, पेंशन देने से लेकर बच्चों को मुफ्त शिक्षा दिलाने की घोषणा


तनाव की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती
इस्पात कारखाने में आधा दर्जन मजदूरों की मौत, कई घायल को दीवाल तोड़ निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/धरसींवा

सिलतरा स्थित स्टील प्लांट में शुक्रवार को हुए दर्दनाक हादसे में छह मजदूरों की मौत को प्लांट प्रबंधन ने दुर्भाग्यजनक घटना बताते हुए मृतकों के परिजनों के लिए राहत राशि की घोषणा की है। इसके अलावा मृतकों के परिजनों को नौकरी तथा पेंशन देने की घोषणा की है। हादसे में घायल आधा दर्जन मजदूरों में से एक मजदूर को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। बाकी अन्य की स्थिति में सुधार होने का कंपनी प्रबंधन ने दावा किया है। स्टील प्लांट प्रबंधन ने बयान जारी कर बताया कि हादसे में मृत मजदूरों के परिजनों को 45-45 लाख रुपए मुआवजा राशि देने की घोषणा की है। साथ अंतिम संस्कार के लिए एक-एक लाख रुपए नकद राशि दी है।

अलग फॉलोअप

### अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे विधायक

दुर्घटना में मारे गए मजदूरों के अंतिम संस्कार में शामिल होने क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा पहुंचे। वहां उन्होंने संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों का सांत्वना दी। विधायक ने मृतकों के परिजनों को अंतिम संस्कार करने 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी।

**गर्ग की मौत का मामला**

## गायक जुबिन के मैनेजर के खिलाफ लुकआउट नोटिस

**गुवाहाटी।** गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले में पूर्वोत्तर महोत्सव के आयोजक श्यामकानु महंत और गायक के प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा के खिलाफ 'लुकआउट नोटिस' जारी किए गए हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि 'फेसबुक लाइव' में कहा कि दोनों को छह अक्टूबर को गुवाहाटी आकर अपना बयान देना होगा, अन्यथा पुलिस उनके लिए तलाशी अभियान तेज कर देगी। उन्होंने कहा, चूंकि दुर्गा पूजा उत्सव शुरू हो जाएगा, हम नहीं चाहते कि वे अभी आएं। लेकिन दशमी के बाद उन्हें आना होगा।



उन्हें छह अक्टूबर को गुवाहाटी आकर अपना बयान दर्ज कराना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, अगर वे अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के सामने पेश नहीं होना चाहते, जो 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में डूबने से गर्ग की मौत के मामले की जांच कर रही है, तो वे अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं। उन्होंने कहा कि महंत के बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड का लेन-देन रोक दिया गया है ताकि वह लंबे समय तक बाहर न रह सकें। सरकार सिंगापुर से गर्ग की पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त करने की प्रक्रिया में है। उन्होंने कहा कि गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में किए गए दूसरे पोस्टमार्टम की रिपोर्ट भी 'तैयार' है।

### अभिनेत्री निशिता समेत चार से पूछताछ

शेखर ज्योति गोस्वामी के साथ जुबिन के बैंड मेंबर्स, असम अभिनेत्री निशिता गोस्वामी और को-सिंगर अमृतप्रभा से भी पूछताछ की गई है। उनसे असम सीआईडी के हेडक्वार्टर में पूछताछ हुई। असम के सीएम ने जुबिन की मौत को लेकर ट्रांसपेरेंट जांच करने की भी मांग असम हाईकोर्ट में की है





Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Low EMI offers are applicable for select HMSI models as follows: ₹49/- per day for Shine100 DX; ₹79/- per day for Shine125, SP125 & CB125 Hornet; ₹1999/- per month for Activa. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st October 2025. **Instant Cashback up to ₹5000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000. **An instant cashback of flat ₹2000 is applicable on a minimum full swipe transaction of ₹40000, and flat ₹3000 Instant cashback on a minimum full swipe transaction of ₹75001. **Instant Cashback up to ₹4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards. **The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. **The HDFC Bank Instant Cashback offer is valid until 31st October 2025, while the IDFC Bank Instant cashback offer is valid until 30th September 2025. ^GST benefit is based on a reduction from 28% to 18% GST on the Ex-showroom price of NX 200. ^The actual savings may vary depending on the selected model and state. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **BILASPUR:** Dream Honda - 9926802408; Maosaji Honda - 7024149881; **AKALTARA:** Bhagwati Honda - 9827527016; **AMBIKAPUR:** Mahamaya Honda - 7489027000; Jaswani Honda - 8358065000; **BAIKUNTHPUR:** Pramila Honda - 7000405012; **BARADWAR:** Ganpati Honda - 7974875687; **BILHA:** Sai Honda - 9179256022: **KAWARDHA:** Pratha Honda - 7400550099; **DHARAMJAIGARH:** Harsh Honda - 9424180180; **DIPKA:** Kamal Honda - 9111144667; **JANJGIR CHAMPA:** Gattani Honda - 7694011206; Shubh Honda (Baloda) - 8574921111; **JASHPUR:** Deo Narayan Honda - 94061084642; **KHARSIA:** Balaji Honda - 8269515770; **KORBA:** Vishal Honda - 9479025937; Krishna Korba Honda - 7747015377; JP Honda (Hardi Bazar) - 9826129114; Ashwini Honda (Urga) - 6232103023; Bharat Honda (GevraBasti) - 09301001739; **KOTA:** Prakash Honda - 9826417995; **KUNKURI:** Mansharam Honda - 8103798783; **LAILUNGA:** Atul Honda - 9424188280; **LORMI:** Mansi Honda - 9685010000; **MANENDRAGARH:** Harsh Honda - 9993883343; **MASTURI:** Rahul Honda - 9098619245; **PALI:** Mahamaya Honda - 8770804342; **PAMGARH:** Gautam Honda - 8962109746; **PANDARIYA:** Shri Balaji Honda - 7399330099; **PATHALGAON:** Dinesh Honda - 9993199987; **PENDRA ROAD:** Dev Honda - 9752998221; **RAHOD:** Shri Balaji Honda - 9977311242; **RAIGARH:** Sharda Honda - 8103664400; Shanti Auto Honda - 9343609280; **RAJPUR:** Maa Mahamaya Honda - 9424259688; **RAMANUJGANJ:** Vikas Honda - 9926158656; **RATANPUR:** Sunil Honda - 9893354893; **SAKTI:** Maa Durga Honda - 9685927215; **SARAIPALI:** Pukhraj Honda - 8889798000; **SARANGARH:** Akshat Honda - 9406353035; **SARSIVA:** Kanisk Honda - 9575533947; **SHEORINARAYAN:** Arav Honda - 8109955535; **SITAPUR:** Akash Honda - 9617378301; **PRATAPUR:** Shri Banbhori Honda - 8120806101; **SURAJPUR:** Shri Om Honda - 9826774095; **TAKHATPUR:** Dream Honda - 9303005917; **TAPKARA:** Jindal Honda - 9406384666; **WADRUFNAGAR:** KP Auto - 9826881578; **BILASPUR SAKRI:** Dream Honda Branch - 9516661444; **BILASPUR DAYALBANDH:** Maosaji Honda Branch - 9109690484; **GAURELLA:** Shyam Honda - 7024806222; **AHIWARA:** Kabiram Honda - 8319225193; Shree Sairam Honda (Risali) - 8823050333; **DANTEWADA:** Ansh Honda - 7000396031; **NEHRU NAGAR:** Aan Honda - 8581020999; **MUNGELI:** S. Mansi Honda - 9685010000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

विजय दशमी विशेष

# भारत की अमूल्य सांस्कृतिक चेतना की संवाहक रामलीला

सदियों से चली आ रही रामलीलाओं की परंपरा आज भी देश के कोने-कोने में अपनी पूरी भव्यता के साथ आयोजित की जाती है। देश ही नहीं विदेशों में भी रामलीलाओं के जरिए उच्च मानवीय मूल्यों का संवहन हो रहा है। वास्तव में रामलीला केवल पौराणिक कथा का मंचन नहीं, भारतीय जनमानस की सांस्कृतिक आस्था का अमूल्य धरोहर भी है।


कनाडा में आयोजित रामलीला का दृश्य


कंबोडिया में रामलीला का मंचन

आवरण कथा
नरेंद्र शर्मा

रामलीला महज एक धार्मिक नाट्य मंचन या लीला आयोजन भर नहीं है। बल्कि यह भारत की जीवित सांस्कृतिक आत्मा है और दुनिया भर में भारतीय मूल्यों की जीवंत राजदूत की भूमिका निभाती है। भारत के बाहर चाहे इंडोनेशिया हो, थाइलैंड हो, त्रिनिदाद हो या मॉरीशस या फिजी, जहां भी भारतीय पहुंचे हैं, वो अपने साथ रामलीला लेकर भी गए हैं।

**मानव मूल्यों का संदेशवाहक:** रामलीला में अध्यात्म, कला, संगीत, नृत्य, रंगमंच और लोकसंस्कृति सब समाहित होता है। यही कारण है कि साल 2008 में यूनेस्को ने रामलीला को विश्व की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर घोषित किया, जो दुनिया को भारतीय संस्कृति की अद्वितीय देन है। रामलीला का वृहत वैश्विक महत्व है, क्योंकि ये महज नाटक नहीं मानव मूल्यों का संदेशवाहक है। रामलीला सत्य, धर्म, न्याय, त्याग, भाईचारे और करुणा जैसे सार्वभौमिक मूल्यों का वैश्विक दस्तावेज है। रामलीला के मूल्य सिर्फ हिंदू समाज या भारतभूमि तक सीमित नहीं हैं बल्कि ये समूची मानवता का पथ-प्रदर्शक है। दुनिया के अनेक देशों जैसे इंडोनेशिया, थाइलैंड, कंबोडिया, त्रिनिदाद, फिजी, सूरीनाम, मॉरीशस, अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा में रामलीलाओं का मंचन भारत में सांस्कृतिक ध्वजा की तरह लहराता है। यहां की स्थानीय बोली, गीत, वेशभूषा और कलात्मक शैली मिलकर इसे एक वैश्विक नाट्य परंपरा बनाते हैं।

**अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर:** रामलीला दुनिया की अमूल्य धरोहर इसलिए है, क्योंकि यह धर्म और संस्कृति को साझे लोकमंच में बदलती है। रामलीला में दर्शक और कलाकार के बीच कोई भेद नहीं रहता। कलाकार और कला के दर्शक दोनों एक ही भाव जगत में रहते हैं, इसलिए रामलीला भारत में पीढ़ी दर पीढ़ी मौखिक परंपरा और लोकसंस्कृति का संरक्षण करती है। आज दुनिया के मंच पर यह भारत की मजबूत पहचान है। दुनिया इस बात को स्वीकारती है कि भारत केवल तकनीकी और विज्ञान ही नहीं बल्कि नैतिक और सांस्कृतिक मूल्य भी प्रदान करता है। इसलिए यूनेस्को ने रामलीला को 'इंटेजिबल कल्चर हेरिटेज ऑफ ह्यूमेनिटी' कहा है।

**लोककला-लोकआस्था का संगम:** रामलीला का मंचन केवल रामकथा का मंचन नहीं है बल्कि यह जीवन के सबसे संभावित आदर्श पाठों का मंचन होती है, जब हमारे बीच में ही साधारण लोग मजदूर, किसान, छात्र, युवा आदि राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान आदि का रूप धरकर रामकथा प्रस्तुत करते हैं तो यह धारणा प्रबल होती है कि सत्य और मूल्य किसी एक का नहीं बल्कि समूची मानवता का उनमें साझा है। रामलीला की महत्ता इस बात से भी है कि यह लोककला और लोकआस्था का अनोखा संगम है। मंच पर, मंच के नीचे और हर तरफ मौजूद लोग रामलीला के कलाकारों के साथ ही दोहे, भजन और चौपाइयां दोहराते हैं और फिर ढोल, नगाड़े और लोकनृत्यों में पारंपरिक परिधानों में सजे कलाकार एक जीवंत कथा, उत्सव रचते हैं। इसलिए रामलीला को सामूहिक उत्सव कह सकते हैं। इसके कलाकार भी भाव-विभोर होते हैं। रामलीला का अस्तित्व सदियों से मौखिक परंपरा द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी जीवित रहा है।


वाराणसी के निकट रामनगर की रामलीला



अयोध्या की भव्य रामलीला

**वैश्विक संरक्षण का हो रहा प्रयास:** विद्यालयों और महाविद्यालयों में रामलीला के मंचन को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है और इस सबका अब डिजिटल दस्तावेजीकरण भी हो रहा है, ताकि दुनिया में यह महान सांस्कृतिक परंपरा हमेशा के लिए बनी रहे। आज रामलीलाओं की डिजिटल रिकॉर्डिंग और डॉक्यूमेंट्री फॉर्म में विकसित की गई रामलीलाएं दुनिया भर में देखी जा रही और सराही जा रही हैं। आज यह पर्यटन और सांस्कृतिक महोत्सवों का हिस्सा हैं। जैसे वाराणसी की रामनगर की रामलीला, भारत की यह अमूल्य सांस्कृतिक विरासत आज पूरी दुनिया में अपनी भव्य पहचान रखती है।

आज अमेरिका के ह्यूस्टन में हर साल भव्य रामलीला का आयोजन होता है, जिसमें पूरी दुनिया के महत्वपूर्ण कलाकार हिस्सा लेते हैं और भारत की इस सांस्कृतिक परंपरा की खुशबू दुनिया के कोने-कोने तक फैलती है। रामलीला भारत की संवेदनशील विश्व धरोहर है। चूंकि यह निरा संस्कृति ही नहीं इसमें धार्मिक आस्थाओं के तार भी जुड़े हैं। इसलिए जरा भी उपेक्षा या अतिरिक्त व्यावसायिकता इसके मूल भाव को कमजोर कर सकती है। यही कारण है कि रामलीला के आयोजन में चाहे जितना धन खर्च कर दिया जाए, इसे पूर्णतः व्यावसायिक नहीं बनाया जाता या बनाया जा सकता, क्योंकि यह भारत की एक ऐसी परंपरा है, जिसमें लोक धर्म और लोक आस्था की जड़ें गहरे तक फैली हैं।

**व्यावसायिकता से है दूर:** रामलीला, हिंदू संस्कृति, अध्यात्म और भारतीय जीवन मूल्यों की प्रतिनिधि मानी जाती है। इसलिए इसमें पूर्णतः व्यावसायिक रंग नहीं आ सकते। धरोहर के रूप में इसका संरक्षण जरूरी है, लेकिन मनोरंजन के रूप में नहीं। इसलिए रामलीलाओं को आज भी व्यावसायिकता से बचाकर रखा जाता है। अयोध्या, वाराणसी, रामनगर, मथुरा, मध्य प्रदेश और बिहार से लेकर दक्षिण भारत तक रामलीलाओं की शैलियां अलग-अलग और स्थानिकता से ओतप्रोत हैं। लेकिन कभी भी किसी शैली को एक-दूसरे से सुधारने की कोशिश नहीं की जाती, न ही रामलीलाओं को मुंबई, चेन्नई या कोलकाता की व्यावसायिक सिने इंडस्ट्री के हवाले किया जाता है। आदर्श रामलीलाएं आज भी अयोध्या और वाराणसी में होती हैं और इनकी तुलना कोई मुंबई से नहीं करता क्योंकि रामलीला भारत की धार्मिक, आध्यात्मिक और संस्कृति का मंच है। किसी नाटक या फिल्म का नहीं, इसलिए रामलीलाओं पर आज भी लोक की भागीदारी ज्यादा और मजबूत रहती है। *

विशेषः गांधी जयंती, 2 अक्टूबर



गांधी किसी व्यक्ति का नहीं एक विचारधारा, एक जीवनदर्शन का नाम है। यही वजह है कि उनके जाने के दशकों बाद आज भी देश और विश्व के समक्ष उपस्थित कई गंभीर संकटों का हल उनके विचारों में पाया जा सकता है।

# देश-दुनिया के लिए आज भी कायम है गांधीजी की प्रासंगिकता

प्रासंगिकता
लोकमित्र गौतम

महात्मा गांधी 20वीं शताब्दी की एक ऐसी शख्सियत हुए हैं, जो अपने विलक्षण गुणों के कारण कभी विस्मृत नहीं किए जा सकेंगे। अपने न रहने के 78 सालों बाद आज भी एक दिन ऐसा नहीं होता, जब गांधी की प्रासंगिकता और जीवन में उनके किसी पहलू की अहमियत हमें रह-रहकर न याद आती हो। यकीन मानिए, महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आईंस्टीन ने सही कहा था कि एक ऐसा वक्त आएगा, जब दुनिया के लोग अचंभा करेंगे कि गांधी जैसा कोई चलता-फिरता शख्स भी इस दुनिया में हुआ था। गांधी की यही विराट प्रासंगिकता है, जो उन्हें हर पल हम सभी को याद आती है।

**युवाओं के मार्गदर्शक:** अगर हम आज की इस बेहद रफ्तार भरी या कहें कि अंधी दौड़ में उलझी दुनिया में युवाओं के लिए



सोचें कि वे गांधी से क्या सबक सीख सकते हैं, तो यकीन मानिए क्वांटम तकनीक के पास उतनी संभावनाएं नहीं हैं, जितनी संभावनाएं गांधी के जीवनदर्शन में युवाओं के सीखने के लिए हैं। 21वीं सदी का परिदृश्य अनुमान से कहीं ज्यादा तेजी से बदला है। विज्ञान और तकनीक ने जीवन को जो असाधारण गति दी है, शायद कभी इंसान ने कल्पना भी न की होगी। इंटरनेट, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, रोबोटिक्स और सोशल मीडिया का क्लाउड यह सब ऐसी चकाचौंध है, जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। लेकिन फिर भी इंसान सुखी नहीं है। न युवा, न अधेड़ और न ही किशोरों की जिंदगी में किसी तरह का सुख, सुखद उम्मीदें और स्थायित्व है। शायद यही इस प्रगति की सबसे बड़ी खामी है। प्रगति की इस अंधी दौड़ में सब कुछ पाने की धुन में सब कुछ बिखरा-बिखरा है। आज चाहे कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने इंसानी क्षमताओं को कितना भी विस्तार दिया हो, लेकिन यह एहसास एक क्षण को भी नहीं भूलता कि हमारी सारी उपलब्धियां मशीनी नहीं तो क्या हैं? जब तक इंसान को किसी भी क्षेत्र में दिली संतुष्टि न हो तो किसी भी उपलब्धि का क्या अर्थ है? आज की प्रगति के साथ यही है और ऐसे ही समय में महात्मा गांधी का जीवनदर्शन आज की पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बनने की पूरी संभावनाएं रखता है। कुछ लोगों ने महात्मा गांधी को तकनीक विरोधी साबित करने की कोशिश की, पर वह ऐसे नहीं थे। वह दुनिया की हर उपलब्धि, हर चाहत, हर जरूरत को इंसान के केंद्र में रखने के पक्षधर थे। वह किसी भी उपलब्धि को इंसान होने की भव्यता और विशिष्टता से परे नहीं मानते थे। गांधीजी स्पष्ट तौर पर मानते थे कि कोई साधन तभी सार्थक है, जब वह समाज के अंतिम व्यक्ति को भी उपलब्ध हो या उससे वह लाभ ले सके। अगर गहराई से देखें तो यह तकनीक का सर्वाधिक लोकतंत्रीकरण करना है। आज जब तकनीक का बड़ा हिस्सा केवल अमीर देशों और कॉर्पोरेट कंपनियों के हाथों में केंद्रित है, तब युवा, गांधी दर्शन से प्रेरणा ले सकते हैं कि तकनीक की उन्नति का तभी कोई अर्थ है, जब वह समाज में अंतिम व्यक्ति के लिए भी उपलब्ध हो।

**देते हैं पर्यावरण संरक्षण की सीख:** आज की तकनीकी क्रांति ने हमारे पर्यावरण को बहुत गहरे तक प्रभावित किया है। ई-कचरा, कार्बन उत्सर्जन और बेतहाशा उपभोग आज की सबसे बड़ी समस्या है। प्रकृति के असंतुलन का सबसे बड़ा कारण यही है। ऐसे में युवाओं को सीखना होगा कि तकनीक का प्रयोग पर्यावरण, संवेदनशील ढंग से हो। ग्रीन एनर्जी आधारित इनोवेशन आज गांधीगीरी का ही रूप है और ई-कचरे का जितना ज्यादा रि-साइकिलिंग हो, अच्छा है। इसे सादा जीवन और प्रकृति के साथ संतुलन बनाने की कोशिश ही समझना चाहिए। आज हम इस 2025 में अब तक के इतिहास में सबसे ज्यादा तकनीकी रूप से समृद्ध हैं, लेकिन मानवीय दृष्टि और नैतिकता की हमें नितांत जरूरत है। यह हम तभी हासिल कर सकते हैं, जब आज के वैज्ञानिक और तकनीकी जीवन को गांधी जी की अंतर्दृष्टि से देखें। आज का दौर अपग्रेड कल्चर का भी है, लेकिन कल्चर में अपग्रेड होने के नाम पर हो क्या रहा है? हम नया फोन बदल रहे हैं, नए एप्स से जुड़ रहे हैं, नई कारें खरीद रहे हैं और



अंततः उपभोग की नई कोशिशें कर रहे हैं। हम सब जानते हैं कि गांधीजी ने कहा था, 'पृथ्वी सबकी जरूरतें तो पूरी कर सकती है, लेकिन किसी एक के लालच के सामने भी यह कम पड़ेगी।' जरा सोचिए, किसी एक की जगह जब पूरी दुनिया ही अपने लालच में डूब गई हो तो भला यह धरती कैसे उसकी जरूरतें पूरी कर सकती है।

जलवायु संकट, पर्यावरण विनाश दुनिया में उपभोग के कचरों के ढेर, ये एक नहीं इस दौर में अधिकतम लोगों के लालच की निशानियां हैं। अगर दुनिया को सुरक्षित रखना है, दुनिया को जीने लायक बनाए रखना है तो इस लालच से दूर रहना होगा और गांधी दर्शन ही काम आएगा कि हम जीवन जीने के लिए चीजों को एकत्र करें, चीजों को जुटाने के लिए न जीएं। *

पर्वोत्सव / वीरेंद्र बहादुर सिंह

# आसुरी वृत्तियों पर सत्य-धर्म के विजय का उत्सव दशहरा

गीता के अध्याय 18/श्लोक 78 में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है-
यत्र योगेश्वरः कृष्णो, यत्र पार्थो धनुर्धरः।
तत्र श्रीः विजयोभूति, ध्रुवा नीतिः मतिः मम।।

कहने का अर्थ है कि जहां योगेश्वर श्रीकृष्ण हैं और जहां धनुर्धर पार्थ (अर्जुन) हैं, वहां विजय है। वहां लक्ष्मी हैं, कल्याण है और शाश्वत नीति है- ऐसा मेरा मत है।

योगेश्वर कृष्ण का अर्थ है ईश्वरीय कृपा और धनुर्धर पार्थ का अर्थ है मानव प्रयास। जहां ये दोनों मिलते हैं, वहीं विजय का नाद सुनाई देता है। यही निर्विवाद सत्य है। वास्तव में दशहरा, इसी भक्तिभाव और शक्ति के समन्वय का उत्सव है। नवरात्र में नौ दिन तक मां जगदंबा की उपासना कर शक्ति प्राप्त करने के बाद विजय की आकांक्षा जागना स्वाभाविक है। इस दृष्टि से दशहरा विजय-प्रस्थान का उत्सव है।

**विजय प्रस्थान का प्रतीक पर्व:** व्यक्ति और समाज की रगों में वीरता का संचार हो, इसके लिए दशहरा मनाया जाता है। शत्रु की दुष्टता को दबाने का यह उत्सव है। भगवान श्रीरामचंद्र के समय से ही यह दिन विजय-प्रस्थान का प्रतीक बना। प्रभु श्रीरामचंद्र ने रावण का संहार करके इसी दिन विजय प्राप्त किया था। छत्रपति शिवाजी ने भी औरंगजेब को परास्त करने और हिंदू धर्म की रक्षा करने हेतु इसी दिन प्रस्थान किया था। इतिहास में अनेक उदाहरण हैं, जब हिंदू राजाओं ने इसी दिन विजय-प्रस्थान किया।




**प्रचलित पौराणिक कथा:** कथानुसार एक बार रघुराज ने कुबेर देवता को, जो सदैव धन संचय में लगे रहते थे, इसकी सीमा उल्लंघन के प्रति आगाह किया। भयभीत होकर कुबेर ने विजय दशमी की तिथि पर शमी वृक्ष पर स्वर्ण मुद्राओं की वर्षा की। इसके एवज में शमी वृक्ष ने उन्हें असीम वैभव का वरदान दिया। तभी से दशहरे पर शमी वृक्ष की पूजा की जाने लगी। पांडवों ने अपने वनवास के अज्ञातवास में अपने दिव्य शस्त्र शमी वृक्ष पर छुपा रखे थे। इसलिए भी इसका महत्त्व है। इसी कारण दशहरा शस्त्र-पूजन का पारंपरिक दिन माना जाता है। विजय दिलाने वाले शस्त्र ही हैं, इसलिए शस्त्र-पूजन द्वारा इस भाव को व्यक्त किया जाता है।

**अंतःशत्रुओं से रहें सजग:** जिस तरह हमारे चारों ओर नकारात्मकता से भरपूर बाहरी शत्रु होते हैं, वैसे ही हमारे भीतर भी कई शत्रु छुपे होते हैं, जिन पर हम अकसर ध्यान ही नहीं देते हैं। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर, ये मानव मात्र के षडरिपु हैं। विजयादशमी के इस शुभ दिन संकल्पित होकर इन शत्रुओं को परास्त करने के लिए अग्रसर होना चाहिए। इनके अलावा आलस्य भी मनुष्य का एक बड़ा शत्रु माना गया है। इसके बारे में कहा गया है-

आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महारिपुः यानी, आलस्य मनुष्य के शरीर में स्थित महान शत्रु है। जीवन में प्रगति और विजय पाने के लिए उक्त छह दुर्गुणों के अलावा दृढ़ संकल्प से इस स्थायी शत्रु पर काबू पाना भी आवश्यक है।

**नैतिक मूल्यों की स्थापना का लें संकल्प:** आज समाज में नैतिक मूल्यों पर संकट मंडरा रहे हैं। लगता है समाज की भव्य संस्कृति, अपने अवसान की ओर बढ़ रही है। ऐसे समय में सदाचारी और सत्यपथ पर चलने वाले व्यक्ति चुपचाप कैसे बैठ सकते हैं? बढ़ती हुई आसुरी वृत्तियों को यथाशक्ति रोकने का प्रयास हम सभी जरूर करें। योगेश्वर और संपूर्ण ब्रह्मांड की सकारात्मक शक्ति मेरे साथ है, मैं आसुरी वृत्तियों को मिटाने में स्वयं को समर्पित कर दूंगा, दशहरे पर यही दृढ़ संकल्प हमें करना चाहिए।

सार रूप में कह सकते हैं कि दशहरे का पर्व, समाज में फैली दीनता, हीनता, लाचारी के साथ-साथ अनैतिकता, भ्रष्टाचार और भोग वृत्ति जैसे मानवीय दुर्गुणों को नष्ट करने का संकल्प लेने का दिन है। वीरता का वैभव, शौर्य का श्रृंगार, पराक्रम और शस्त्रों की पूजा- यही दशहरा का निहित संदेश है। वास्तव में दशहरा भक्ति और शक्ति का पवित्र मिलन का पर्व है। *



गजल
गोविंद सेन

## सच्चा लगता है

सच बतलाना क्या लगता है
मेरा कुछ अच्छा लगता है
ऊपर से देखा है उसको
भीतर कुछ बदला लगता है
लगता है थोड़ा सा सीधा
थोड़ा सा उल्टा लगता है
बचकानी है उसकी बातें
पचपन में बच्चा लगता है
माना हमने कड़वा है वो
पर बिल्कुल सच्चा लगता है

लघुकथाएं

## कन्या पूजन

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रभुदयाल जी के घर पर नवरात्र हवन, कन्या पूजन का आयोजन चल रहा था। अचानक बाहर सड़क का शोर सुनकर वह उठकर भागते हुए बाहर चले गए। कन्या पूजन और हवन की समाप्त होने के बाद घर लौटकर आए। पंडित जी और घर वाले नाराज होकर बोले, 'आपको इस तरह हवन, कन्या पूजन छोड़कर नहीं जाना था। यह दुनिया है, यहां कुछ न कुछ तो होता ही रहता है। इसका यह मतलब नहीं है कि पूजा-पाठ छोड़कर चल दो, यह गलत बात है।' प्रभुदयाल जी ने बताया, 'बाहर एक कन्या को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। मैं उसको लेकर तुरंत अस्पताल चला गया। उसके होश आने पर ही वापस आया हूं। मेरे लिए तो यह कार्य हवन, कन्या पूजन और कन्या भोज से कम नहीं था।' पंडित जी दक्षिणा आदि लेकर चले गए, लेकिन कुछ ही देर बाद वापस लौटे आए। पश्चाताप के आंसू लिए प्रभुदयाल जी से बोले, 'जिस कन्या की आपने मदद की है, वो मेरी ही कन्या है। घर से भागकर जब मैं अस्पताल पहुंचा तो डॉक्टर ने बताया कि प्रभुदयाल जी अगर सही समय पर आपकी बेटी को लेकर नहीं आते तो इसकी जान जा सकती थी। आपका यह मदद करने का जज्बा मेरे लिए आज एक 'दिव्य उपहार' है। आप जैसे लोग देवदूत होते हैं।' पंडित जी एक पल ठहर कर आगे बोले, 'आप सही हैं प्रभुदयाल जी, किसी प्रकार की भक्ति, साधना, अभिषेक, हवन और कन्या पूजन से भी बड़ी है करुणा। यही शक्ति सेवा है। आपको यह नवदुर्गा, नवरात्र क्या, जीवनभर की नवदुर्गा, नवरात्र का हवन, कन्या पूजन और कन्या भोज का पुण्य आज ही मिल गया। ईश्वर आपको दीर्घायु दें।' *

-चंद्रप्रकाश डाले





## भीख का स्वाद

बैसाखी के सहारे चलकर, अपने कंधे पर दो भारी थैले लादकर वह अपनी झोपड़ी में आ गया। उसका चेहरा निस्तेज था। लेकिन उसकी आहट से सतर्क हुई मां ने लपक कर उससे थैला छीन लिया। रद्दी अखबार फैला कर खाद्य सामग्री उत्सुकता से देखने लगी। खाद्य सामग्री देखकर वह खुश हो गई, बोली, 'आहा! आज तो खाने के लिए खूब माल मिला है। दो दिन तक अपना काम चल जाएगा। आ.. आजा.. खा ले। पर सुन, तेरे चेहरे पर इतनी मुर्दनगी क्यों छाई हुई है?'

उसने बैसाखी एक तरफ रख दी। मां-बेटे इत्मीनान से भूख मिटाने लगे।

'बढ़िया स्वाद है ना।' मां पूड़ी चबाते हुए बोली।

'हां, मां, लेकिन है तो यह भीख ही।' उसने उदास स्वर में लड़के ने मां को जवाब दिया। *

-पूनम पांडे

पत्रिका चर्चा / विज्ञान भूषण

## मधुर स्मृतियों का कोलाज

संस्मरणों पर साहित्यिक पत्रिकाओं के विशेषांक कम ही निकलते हैं। इस पर भी 'निकट-42 (संस्मरण विशेषांक)' इस मायने में विशिष्ट है कि इसमें साहित्यिक विभूतियों या नामचीन हस्तियों के बजाय साधारण लोगों पर लिखे गए असाधारण संस्मरणों को संजोया गया है। वरिष्ठ कथाकार अमरीक सिंह दीप ने अपने संस्मरण में ग्रामीण इलाके की पहली यात्रा से जुड़ी अनुभूतियों को बयां किया है तो लता शर्मा ने अपने संस्मरण में एक ऑटो वाले के आत्मीय स्नेह को याद किया है। अपूर्व जोशी ने अपनी मां के विराट व्यक्तित्व को शब्दांकित किया है तो आरती आस्था ने अपने कार्यस्थल पर होने वाले वैचारिक संघर्ष की स्मृतियों को पूरी बेबाकी से बयां किया है। बीरबल नामक घोड़े पर पारुल तोमर ने बहुत मार्मिक संस्मरण लिखा है। शेष संस्मरणों में व्यंकटरमण, धनंजय सिंह, रजनी गुप्त, मनीष वैद्य, अमिता दुबे और पंकज सुबीर के संस्मरण भी विशेष रूप से पठनीय हैं। कहने की जरूरत नहीं मधुर स्मृतियों का यह शाब्दिक कोलाज, पठनीय ही नहीं संग्रहणीय भी है। *




**पत्रिका:** निकट-42 (सितंबर-दिसंबर 2025 अंक-संस्मरण विशेषांक), **संपादक:** कृष्ण बिहारी, **मूल्य:** 50 रुपए

MARUTI SUZUKI

NEXA

# CELEBRATIONS JUST GOT BIGGER.

## WITH GST BENEFITS + *LIMITED PERIOD FESTIVE OFFERS

| | PRICE REDUCTION OF UP TO# | NOW STARTING AT# | ADDITIONAL FESTIVE OFFERS OF UP TO* |
|---|---|---|---|
| FRONX | ₹ 1 12 600 | ₹ 6 84 900 | ₹ 75 000 |
| GRAND VITARA | ₹ 1 07 000 | ₹ 10 76 500 | ₹ 1 60 000 + 5 Year Extended Warranty |
| BALENO | ₹ 86 100 | ₹ 5 98 900 | ₹ 92 500 |
| IGNIS | ₹ 71 300 | ₹ 5 35 100 | ₹ 85 000 |
| INVICTO | ₹ 61 700 | ₹ 24 97 400 | ₹ 1 55 000 |
| XL6 | ₹ 52 000 | ₹ 11 52 300 | ₹ 55 000 |
| JIMNY | ₹ 51 900 | ₹ 12 31 500 | ₹ 1 10 000 |



SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU

*FESTIVE OFFERS VALID TILL 30TH SEP ONLY

NEXA SAFETY SHIELD

UP TO 100% WAIVER ON CAR LOAN PROCESSING FEE (ONLY TILL 30TH SEP)##

E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM

Contact us at 1800-200-6392 1800-102-6392

For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Features and accessories shown may not be a part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers and features may vary subject to the model and variant purchased. *The mentioned offers include "Consumer Offer + Booking offer + Exchange Bonus + Rural offer", and may vary from city to city. Please contact nearby dealership for more details. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 30th September '25 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan India. Maruti Suzuki Subscribe is available only in selected cities. ##Offers include consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offers (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of the financer by selected finance partners. #Prices and savings mentioned above are for select variants and may vary across cities/ variants.

बंगाल के बहरामपुर के खागरा श्मशान घाट दुर्गा पूजा समिति ने अपने 59वें दुर्गोत्सव समारोह के लिए एक अनोखे थीम के साथ सुर्खियां बटोरी हैं। इस वर्ष की पूजा में प्रसिद्ध कलाकार असीम पाल द्वारा बनाई गई डोनाल्ड ट्रंप के रूप में असुर की मूर्ति आकर्षण का केंद्र बनी है।

# बंगाल के दुर्गा पंडाल में असुर के रूप में दिखाए गए ट्रंप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस मूर्ति को देखने के लिए लोग भारी संख्या में उमड़ रहे हैं। पूजा समिति के आयोजकों के अनुसार, 'ट्रंप के रूप में असुर की मूर्ति अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत के साथ किए गए कथित विश्वासघात को दर्शाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप को मित्र माना और विदेश नीति के मुद्दों पर सहयोग किया, लेकिन ट्रंप के कार्यों को भारत के हितों के लिए हानिकारक माना गया है। यह भावना मूर्ति में व्यक्त की गई है, जो भारत के साथ ट्रंप के जटिल रिश्तों को दर्शाती है।'

**आयोजकों ने कहा- 'उन्होंने भारत की पीठ में छुरा घोंपा है'**

**बहरामपुर के एक अनोखे थीम ने देशभर में बटोरीं सुर्खियां**

**भारत पर दुर्भावनावश टैरिफ लगाने से नाराज है पूरा हिंदुस्तान**



## ट्रंप की बनाई गई थी कभी मूर्ति

बहरामपुर नगर पालिका के मेयर नरु गोपाल मुखर्जी द्वारा पूजा मंडप के उद्घाटन समारोह में भारी भीड़ उमड़ी। यह पहला मौका नहीं है जब डोनाल्ड ट्रंप को अनोखे तरीके से दर्शाया गया हो. वर्ष 2018 में, तेलंगाना के एक किसान बुस्सा कृष्णा ने ट्रंप के लिए एक मंदिर बनाया था, जिसमें उनकी छह फीट की मूर्ति स्थापित की गई थी और रोजाना पूजा की जाती थी। कृष्णा का मानना था कि ट्रंप समृद्धि और भारत-अमेरिका संबंधों में मजबूती लाएंगे।



## देश के साथ किया विश्वासघात

खागरा श्मशान घाट दुर्गा पूजा समिति के सदस्य प्रतीक ने कहा, 'हमने यह मूर्ति इसलिए बनाई क्योंकि ट्रंप ने 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर हमारे पीएम मोदी, जो उन्हें दोस्त मानते थे, और हमारे देश भारत के साथ विश्वासघात किया। इसलिए हमने डोनाल्ड ट्रंप को असुर के रूप में दर्शाया। कल उद्घाटन के समय हमारे पड़ोस और आसपास के लोगों से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली. हमें बहुत अच्छा समर्थन मिला है। हम उन्हें असुर के रूप में देखते हैं क्योंकि उन्होंने भारत की पीठ में छुरा घोंपा है।'

## खबर संक्षेप

### अबूधाबी से बाबर खालसा के आतंकी का प्रत्यर्पण



**नई दिल्ली।** बाबर खालसा इंटरनेशनल के आतंकवादी परविंदर सिंह उर्फ पिंडी को अबू धाबी से भारत के लिए प्रत्यर्पित कर लिया गया है। पंजाब के डायरेक्टर जनरल पुलिस, गौरव यादव ने इस बारे में एक विस्तृत बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्यर्पण की प्रक्रिया इसलिए सफल रही, क्योंकि पंजाब पुलिस और दूसरी केंद्रीय एजेंसियों ने मिलकर बेहतर तालमेल के साथ काम किया था। अब जानकारी के लिए बता दें कि पिंडी के कनेक्शन विदेशी मूल के आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रंदा और हैप्पी पसिया से जुड़ते हैं। ये सभी आतंकी कई अपराधों में शामिल रह चुके हैं।

### मणिपुर, नगालैंड, अरुणाचल में बढ़ाई गई एफ्सपा

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने बड़ा कदम उठाते हुए मणिपुर, नगालैंड, अरुणाचल में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) बढ़ा दिया है।मणिपुर में कानून-व्यवस्था की मौजूदा स्थिति को देखते हुए 13 पुलिस थानों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को छोड़कर राज्य के बाकी हिस्सों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) की अवधि शुक्रवार को छह महीने के लिए बढ़ा दी गई।

### बीएमडब्ल्यू दुर्घटना गगनप्रीत को जमानत

**नई दिल्ली।** बीएमडब्ल्यू दुर्घटना मामले में पटियाला हाउस कोर्ट ने आरोपी गगनप्रीत को जमानत दे दी है। अदालत ने आरोपी को 1 लाख रुपये के मुचलके पर जमानत मंजूर की। इसके साथ ही दो अन्य जमानतकर्ताओं की शर्तें पूरी करनी होंगी। कोर्ट की यह कार्रवाई तब हुई जब आरोपी ने अपनी जमानत अर्जी में स्वास्थ्य और पारिवारिक परिस्थितियों का हवाला दिया। जमानत देते समय कुछ शर्तें लगाई गई हैं, जिनमें पासपोर्ट जमा करना और हर सुनवाई में अदालत में उपस्थित रहना शामिल है।

## विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के पहले बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी


# भाजपा चुन-चुन कर एक-एक घुसपैठिया बाहर करेगी, बिहारवासियों को मनानी है 4 दिवाली

**अररिया की चुनावी सभा में विपक्ष पर बरसे गृहमंत्री अमित शाह**

**इस साल के आखिर में होने हैं यहां चुनाव, जल्द होगा ऐलान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अररिया

बिहार विधानसभा चुनाव के तारीखों के ऐलान के पहले प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। राजनीतिक पार्टियां अपनी पूरी ताक़त इस चुनाव में झोंक दे रही है। शनिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बिहार के अररिया दौरे के दौरान चुनावी अभियान को आकार देना शुरू कर दिया है। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बिहार के चुनाव को लेकर इस बार चार दीपावली मनाने का संदेश दिया है। अमित शाह ने जनसभा में 'जय श्रीराम' के नारे लगवाए और कहा कि 'बीजेपी चुन-चुन कर एक-एक घुसपैठिया को देश से बाहर करेगी।' गृहमंत्री ने लालू प्रसाद के कार्यकाल की आलोचना करते हुए कहा कि जब वे सत्ता में थे, तब राम मंदिर के निर्माण में देरी की गई। मोदी सरकार ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनवाया, जल्द ही वहां ध्वजा भी लगेगी। 550 साल से रामलला तम्बू में थे। शाह ने कहा कि इस बार दीपावली में जो भी चीज खरीदेंगे हम लोग को सुनिश्चित करना चाहिए कि वह स्वदेशी हो. इस बार बिहार वासियों को चार दीवाली मनानी है।



### चार दीपावली क्यों?

- पहली – जब प्रभु श्रीराम अयोध्या लौटे थे।
- दूसरी – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल 75 लाख जीविका दीदियों के खाते में 10,000 रुपये भेजे.
- तीसरी – जीएसटी में 395 से ज्यादा चीजों के दाम कम या शून्य किए गए।
- चौथी – एनडीए-बीजेपी की सरकार 160 से ज्यादा सीटों के साथ बनाकर

### घुसपैठियों को लेकर चल रही है सियासी बहस

अमित शाह ने राहुल गांधी और लालू प्रसाद यादव पर तीखा हमला करते हुए कहा कि ये दोनों घुसपैठियों को बचाना चाहते हैं जबकि बीजेपी उन्हें देश से बाहर निकालना चाहती है। 'राहुल गांधी कान खोलकर सुन लें, बिहार हो या देश का कोई भी कोना, बीजेपी का संकल्प है कि चुन-चुनकर एक-एक घुसपैठिए को देश से बाहर करेंगे।'

### अपनी सरकार की गिनाईं उपलब्धियां

शाह ने कहा कि धारा 370 हटाना, तीन तलाक समाप्त करना, सीएए से हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता देना, और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण मोदी सरकार की बड़ी सफलताएं हैं। सोनिया-मनमोहन सरकार ने 10 साल में बिहार को सिर्फ 2 लाख 80 हजार करोड़ रुपए दिए थे, जबकि मोदी सरकार ने 2014 से 2025 तक 16 लाख करोड़ रुपए बिहार को दिया है।

### तेजस्वी ने पेश किया 'रिसपेक्ट' मॉडल बीजेपी-जदयू पर जमकर साधा निशाना

**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने एक अतिपिछड़ा अधिकार संवाद में नीतीश कुमार और भाजपा पर बड़ा हमला बोला। तेजस्वी ने कहा कि उन्हें संवाद करने का अवसर मिला है और उनका लक्ष्य है नया बिहार बनाना। उन्होंने कहा कि, 'बिहार तभी विकसित होगा जब यहां पढ़ाई, दवाई, कमाई, सिंचाई और सुनवाई वाली सरकार होगी।' उन्होंने कहा कि वह बिहार को 'रिसपेक्ट' दिलाएंगे। तेजस्वी ने कहा कि उनके नेता कर्पूरी ठाकुर ने सबसे पहले पिछड़ों को आरक्षण दिलाने का काम किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि आज जो लोग केंद्र की सरकार में बैठे हैं, उन्होंने कर्पूरी जी को गालियां दी थीं। तेजस्वी ने दोहराया कि विधानसभा में उन्होंने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग की थी।तेजस्वी ने भाजपा को 'आरक्षण चोर पार्टी' बताया और कहा कि जनता को इससे सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार आई तो 27 प्रतिशत पिछड़ों को आरक्षण देने का काम किया।'



#### यह है हमारा मकसद

तेजस्वी यादव ने अपने विजन को रिसपेक्ट मॉडल के रूप में पेश किया। तेजस्वी ने कहा कि उनका मकसद है बिहार को सम्मान दिलाना और इसे देश का सबसे विकसित राज्य बनाना है।

#### यह है रिसपेक्ट मॉडल

आर– रोजगार
ई – एजुकेशन
एस –स्वास्थ्य
पी– पलायन मुक्त बिहार
ई– इक्वालिटी
सी– क्राइम मुक्त
टी- टेक्नोलॉजी एंड टूरिज्म

# चार देशों की यात्रा पर निकले राहुल, छात्रों-व्यापारियों से संवाद

**नई दिल्ली।** लोकसभा के विपक्षी नेता राहुल गांधी ने दक्षिण अमेरिका का दौरा शुरू कर दिया है। इस यात्रा में वे चार देशों में जाकर वहां के राजनीतिक नेताओं, कॉलेज के छात्रों और व्यापारियों से मिलेंगे। कांग्रेस पार्टी के मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने यह जानकारी दी है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि राहुल गांधी कितने दिन के लिए विदेश गए हैं। पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी का यह दौरा बहुत महत्वपूर्ण है। इस यात्रा में वे राजनीतिक नेताओं, यूनिवर्सिटी के छात्रों और व्यापारिक समुदाय के लोगों के साथ बातचीत करेंगे। राहुल गांधी खासकर ब्राज़ील और कोलंबिया देश जाएंगे। वहां वे कॉलेज के छात्रों से मिलकर उनसे बात करेंगे।



### इनसे होगी मुलाकात

इस दौरे में राहुल गांधी कई महत्वपूर्ण लोगों से मिलेंगे, जिनमें विभिन्न देशों के राष्ट्रपति और बड़े नेता, यूनिवर्सिटी के छात्र, व्यापारिक नेता और कंपनी के मालिक. पार्टी का कहना है कि इन मुलाकातों से भारत के लोकतांत्रिक और रणनीतिक रिश्ते मजबूत होंगे।

### व्यापार के नए अवसर तलाशना

कांग्रेस ने बताया कि राहुल गांधी व्यापारिक नेताओं से भी बातचीत करेंगे। इसका मकसद यह है कि अमेरिका की टैरिफ नीति के कारण भारत को अपने व्यापार के लिए नए रास्ते खोजने होंगे। इस दौरे से भारत को नए व्यापारिक साझेदार मिल सकते हैं। राहुल गांधी ब्राज़ील, कोलंबिया और अन्य देशों के यूनिवर्सिटी में जाकर छात्रों से बात करेंगे। कांग्रेस का कहना है कि यह भविष्य के वैश्विक नेताओं के साथ विचार-विमर्श को बढ़ावा देगा।

**परमाणु प्रतिबंध को लेकर फिर बढ़ा तनाव**

# जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन से अपने राजदूतों को बुलाया ईरान ने

**तेहरान।** ईरान ने संयुक्त राष्ट्र के पुराने परमाणु प्रतिबंधों को दोबारा लागू करने की कोशिशों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन से अपने राजदूतों को तुरंत वापस बुला लिया है। यह कदम तेहरान में कूटनीतिक तनाव को नई ऊंचाई दे सकता है, जहां ईरान का परमाणु कार्यक्रम लंबे समय से वैश्विक विवाद का केंद्र रहा है। तीनों देशों ने ईरान पर अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ सहयोग नहीं करने और अमेरिका के साथ सीधी बातचीत नहीं करने के कारण हटाए गए प्रतिबंधों को फिर से लागू करने पर जोर दिया है।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एक बयान में कहा, 'ये यूरोपीय देश परमाणु समझौते को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं। हम अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएंगे।' तेहरान ने इन प्रतिबंधों को 'अवैध और एकतरफा' करार देते हुए चेतावनी दी है कि इससे क्षेत्रीय स्थिरता पर बुरा असर पड़ेगा। ईरान का दावा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है, लेकिन पश्चिमी देश यूरेनियम संवर्धन की मात्रा को लेकर आशंकित हैं।



### यूरोप का आरोप

ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने बीते महीने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि ईरान ने अपने परमाणु वादों का पालन नहीं किया। इसके साथ ही प्रक्रिया शुरू हुई, जिसके तहत ईरान को 30 दिन का समय दिया गया कि वह बातचीत से रास्ता निकाले, वरना एक दशक पुराने कड़े प्रतिबंध फिर से लागू हो जाएंगे।

# विमान के टॉयलेट में जलाई सिगरेट, यात्रियों में हड़कंप

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 25 वर्षीय युवक को अरेस्ट किया गया है। यह पैसेंजर फुकेट से मुंबई आ रही फ्लाइट के टॉयलेट में सिगरेट पीते हुए मिला था। घटना के दौरान जब धुआं नजर आया तो फ्लाइट में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। एजेंसी के अनुसार, पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार यात्री की पहचान भव्य गौतम जैन के रूप में हुई है, जो साउथ मुंबई के नपीन्सिया रोड का रहे वाला है। फ्लाइट जब मुंबई में लैंड हुई तो उसे तुरंत हिरासत में लिया गया। जांच में पता चला कि जैन ने प्लेन के टॉयलेट में सिगरेट जलाई थी। इस मामले को लेकर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**■ मुंबई में लैंड होते ही युवक गिरफ्तार**

### एयरलाइन को दिए गए निर्देश



इस मामले में पुलिस ने बताया कि इस प्रकार की घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए एयरलाइन कंपनियों और एअरपोर्ट के सुरक्षा कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि यात्री के खिलाफ कार्रवाई पूरी होने तक उसे हिरासत में रखा जाएगा। यात्रियों से अपील की गई है कि वे किसी भी सुरक्षा नियम का उल्लंघन न करें और फ्लाइट क्रू के निर्देशों का पालन करें।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**गस्ती कार्य हेतु निविदा सूचना**

क्र.सं. (1) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-130-25-26, दि. 24-09-2025 कार्य : दो वर्षों के लिए सहायक मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत शीतकालीन गश्त के लिए सहायक गश्ती दल (गश्ती दल साथी) की तैनाती। निविदा मूल्य: 1,35,59,659.20/–, अमानत राशि: ₹ 2,17,800.00/–, कार्य पूर्णता की अवधि: 24 माह।
क्र.सं. (2) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-131-25-26, दि. 24-09-2025 कार्य : दो वर्षों के लिए सहायक मंडल अभियंता/पेंड्रा/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत शीतकालीन गश्त के लिए सहायक गश्ती दल (गश्ती दल साथी) की तैनाती। निविदा मूल्य: 1,33,63,142.40/–, अमानत राशि: ₹ 2,16,800.00/–, कार्य पूर्णता की अवधि: 24 माह।
निविदा जमा की आरंभ तिथि : दिनांक 06–10–2025 से, निविदा जमा की अंतिम तिथि: 20–10–2025 के 11.00 बजे तक। उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई–टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/FL/348 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**रेलवे भर्ती सेल**
**पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर**

**वर्ष 2025–26 के लिए सांस्कृतिक कोटा के अंतर्गत भर्ती**
रोजगार सूचना सं० एनईआर/आरआरसी/सीक्यू/2025–26 दिनांक: 24.09.2025

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि व समय | 25.09.2025, 10:00 बजे |
| ऑनलाइन आवेदन समाप्त होने की तिथि व समय | 24.10.2025, 18:00 बजे |

वर्ष 2025–26 के लिए सांस्कृतिक कोटा के अंतर्गत लेवल–2 (छठवें वेतन आयोग का ग्रेड पे रु० 1900) में ग्रुप 'सी' के 2 पदों पर भर्ती के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।
विस्तृत सूचना के लिए पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in देखें।

मुजाधि/आरआरसी–1
अध्यक्ष
रेलवे भर्ती सेल, गोरखपुर

# 'अगर तबाह रनवे, जले हैंगर है जीत तो पाक को इसे मनाने का पूरा हक'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने जमकर झूठ बोला और उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भारत के खिलाफ किया जीत का दावा, जिसके बाद भारत ने उसके दावे पर करारा जवाब दिया है। शरीफ के भाषण पर भारत की तरफ से भारतीय राजनयिक पेटल गहलोत ने कहा कि इस सभा ने सुबह-सुबह पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की बेतुकी नौटंकी देखी, भारत के संयुक्त राष्ट्र मिशन की फर्स्ट सेक्रेटरी गहलोत ने संयुक्त राष्ट्र में शहबाज शरीफ के 'हमने युद्ध जीत लिया' वाले दावे का मजाक उड़ाते हुए कहा 'अगर तबाह रनवे और जले हुए हैंगर को प्रधानमंत्री शरीफ की तरह जीत माना जाए तो पाकिस्तान को इसे मनाने का पूरा हक है।'

- **संरा भारत ने पाक पीएम को जमकर धोया**
- **राजनयिक पेटल ने आतंकवाद पर किया बेनकाब**




### पाक सेना गिड़गिड़ाई थी युद्ध रोकने के लिए

भारत ने कहा कि एक तस्वीर हजार शब्द कह देती है और हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की ओर से बहावलपुर और मुरीदके आतंकी ठिकानों में मारे गए आतंकवादियों की कई तस्वीरें देखीं. जब वरिष्ठ पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी सार्वजनिक रूप से ऐसे कुख्यात आतंकवादियों का महिमामंडन और श्रद्धांजलि देते हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने भारत के साथ हाल ही में हुए संघर्ष का एक विचित्र विवरण भी दिया। इस मामले में रिकॉर्ड स्पष्ट है। पाकिस्तान 9 मई तक भारत पर और हमले करने की धमकी दे रहा था, लेकिन 10 मई को पाकिस्तान की सेना ने हमसे सीधे लड़ाई बंद करने की अपील की।

### ओसामा को पनाह देने वाला देश

पेटल ने पाकिस्तान के आतंकवाद को संरक्षण देने के पुराने रिकॉर्ड को याद दिलाते हुए कहा कि यह वही देश है जिसने ओसामा बिन लादेन जैसे दुर्दांत आतंकवादी को एक दशक तक अपने यहाँ पनाह दी. गहलोत ने शहबाज शरीफ के उन दावों को भी खारिज किया जिसमें उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना के विमान गिराने की बात कही थी. भारत ने इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को हुए नुकसान की तस्वीरें दुनिया के सामने रखीं.



# आज रात 8 बजे से एशिया कप फाइनल

## हाई-वोल्टेज मुकाबले में भारत की नजर जीत हासिल करने पर

भारत को पाकिस्तान के खिलाफ एक बार फिर एकजुट होकर खेलना होगा

एजेंसी ▶▶| दुबई

जीत ही सब कुछ नहीं होती लेकिन 11 भारतीय क्रिकेटर रविवार को एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ उतरेंगे तो उनकी नजरें सिर्फ जीत हासिल करने पर टिकी होंगी। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले की तैयारी के बीच मैदान पर खेल और मैदान के बाहर की राजनीति के बीच की रेखाएं धुंधली पड़ गई हैं। अमेरिकी राजनीतिक कार्यकर्ता और लेखक माइक मार्कुसी के शब्दों में यह 'बिना गोलीबारी के युद्ध' जैसा है।

वर्षों से भारत-पाकिस्तान मुकाबले में रोमांच की कमी नहीं रही है लेकिन शायद ही कभी यह इतनी उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि में हुआ जब क्रिकेट के मैदान के बाहर का तनाव, उत्तेजक इशारे और दोनों पक्षों पर लगे जुर्माने इससे जुड़े हुए प्रतीत हों। फिर भी शोरगुल से परे क्रिकेट अपने आप में आकर्षक रहा है और इस दौरान सुर्खियां अभिषेक शर्मा के 200 से अधिक के शानदार स्ट्राइक रेट और कुलदीप यादव के 13 विकेट ने बटोरी। अफसोस की बात है कि ये उपलब्धियां भी अक्सर टकराव और बहस की भेंट चढ़ जाती हैं। इसकी शुरुआत भारत की पहले मैच में 'हाथ नहीं मिलाने की' नीति से हुई जब कप्तान सूर्यकुमार यादव टॉस के समय और मैच के बाद हाथ मिलाए बिना चले गए। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राऊफ ने तानों, अपशब्दों और यहां तक कि विमान दुर्घटना का इशारा करके जवाब दिया, जिससे एक ऐसा बवाल मचा कि दोनों ही आईसीसी की जांच के घेरे में आ गए और उन पर 30 प्रतिशत का जुर्माना लगाया गया।



### सूर्यकुमार से बड़ी पारी की उम्मीद

सूर्यकुमार से बड़ी पारी की उम्मीद है। शुभमन गिल मुकाबले को खत्म नहीं कर पा रहे जबकि संजू सैमसन और तिलक जैसे खिलाड़ी श्रीलंका के खिलाफ महज औपचारिकता के मैच में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। अब तक अभिषेक ने पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अगर वह असफल रहे तो क्या होगा? पूरे टूर्नामेंट के दौरान अभिषेक के अलावा अन्य बल्लेबाज बिल्कुल भी विश्वसनीय प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और शीर्ष क्रम के लड़खड़ाने पर कोई भी 'प्लान बी' के बारे में नहीं जानता। अगर भारत अभिषेक पर बहुत अधिक निर्भर है तो पाकिस्तान की कमजोरियां और भी अधिक स्पष्ट हैं।

### पाक टीम का बल्लेबाजी क्रम प्रभावी नहीं

टीम का बल्लेबाजी क्रम काफी प्रभावी नहीं रहा है। जसप्रीत बुमराह को कुछ समय परेशान करने वाले साहिबजादा फरहान के अलावा अन्य बल्लेबाज दमदार प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। सईम अयूब का अभियान बेहद निराशाजनक रहा है। वह चार बार शून्य पर आउट हुए और एक समय तो टूर्नामेंट में उनके नाम पर रन से अधिक विकेट दर्ज थे। हुसैन तलत और सलमान अली आगा भारतीय स्पिनरों के सामने लड़खड़ा गए।

### टीम इस प्रकार

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, संजू सैमसन, हर्षित राणा और रिंकू सिंह।

**पाकिस्तान :** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमां, हारिस राऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन अफरीदी और सुफयान मोकिम।

## युवा जोश और अनुभवी कंधों पर सवार टीम को विश्वकप जीतने की उम्मीद

**दुबई।** कप्तान हरमनप्रीत कौर को विश्वास है कि मंगलवार 30 सितंबर से शुरू हो रहे महिला विश्व कप के लिए भारतीय टीम में हर विभाग में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के अच्छे मिश्रण से उनकी टीम को पहली बार विश्व खिताब जीतने में मदद मिलेगी। भारत चौथी बार आईसीसी की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। टीम इससे पहले दो मौकों पर खिताब जीतने के करीब पहुंची थी। भारतीय टीम ने पिछली बार 2017 में फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन तब मिताली राज की अगुवाई वाली टीम लॉर्ड्स में इंग्लैंड से रोमांचक मुकाबले में हार गई थी। भारतीय टीम ने प्रतियोगिता की अच्छी तैयारी करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ उसकी सरजमीं पर पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय श्रृंखला जीती और फिर गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को घरेलू सरजमीं पर कड़ी टक्कर दी।




## पैरा विश्व तीरंदाजी: पैरों और ठुड्डी की सहायता से लगाया अचूक निशाना, 18 साल की शीतल ने जीता गोल्ड

**ग्वांग्जू।** भारत की 18 वर्षीय शीतल देवी ने विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में तुर्किये की दुनिया की नंबर एक पैरा तीरंदाज ओजनूर क्यूर गिर्डी को 146-143 से पराजित कर स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। स्पर्धा में शीतल एकमात्र बिना बाजू वाली पैरा तीरंदाज हैं। वह निशाना लगाने के लिए अपने पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल करती हैं और यह चैंपियनशिप में उनका तीसरा पदक है। इससे पहले शीतल और सरिता ने कंपाउंड महिला ओपन टीम स्पर्धा में रजत पदक। शीतल ने तोमन कुमार के साथ मिलकर कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता।





### शीतल ने संयम से लगाए निशाने

व्यक्तिगत फाइनल तनावपूर्ण था लेकिन शीतल ने संयम से निशाने लगाए। पहला राउंड 29-29 से बराबरी पर था, लेकिन शीतल ने दूसरे राउंड में 10-10 के तीन शॉट लगाकर 30-27 से जीत बढ़त हासिल की। तीसरा राउंड भी 29-29 से बराबरी पर था। चौथे राउंड में शीतल मामूली अंतर से चूक गईं, जिसमें उन्होंने 28 अंक बनाए और गिर्डी एक अंक से इसे जीत गईं। हालांकि फिर भी शीतल ने 116-114 के स्कोर पर दो अंक की बढ़त बनाए रखी।






INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife
जीतने का मौका
100% कैशबैक | 24 कैरेट सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स*

Also available on
Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Basis data available in public forum for products in 100cc Motorcycle segment. Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. *Limited period offer, T&C apply. +As per cumulative sales numbers till August 2025. #Ex-showroom price of HF Deluxe Pro in Chattisgarh.

TOLL FREE
1800 266 0018

अधिकृत डीलरः बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो, 9289922706, अंबिकापुरः आनंद हीरो, 9289922359, सरगुजा हीरो, 9289923110, कोरबाः शांति हीरो, 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो, 9289923057, रायगढ़ः गोयल हीरो, 9289922373, आदित्य हीरो, 9289923091, जांजगीरः आनंद हीरो, 9289922772, बैकुंठपुरः आर.के. हीरो, 9289922812, जशपुरः आकाश हीरो, 9289922909, एसोशिएट डीलरः खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415, चौराः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सरियाः अग्रवाल ऑटो सेण्टर, 9993121909, गौरेलाः श्री माँ नर्मदा मोटर्स, 7587796622/7587796611, सनावलः सोनी ऑटोमोबाइल्स, 9479235816, रतनपुरः माँ महामाया मोटर्स, 9754240437/8839972027, बलोदाः श्री कमला ऑटो, 9926515216, मरवाहीः राहुल ऑटोमोबाइल्स, 8889467369/8719087320, मुगेलीः महावीर, 9993855199, मनेन्द्रगढ़ः विवेक ट्रेडर्स, 6261178785, कटघोराः श्री शारदा एंटरप्राइज, 9809809925, शिवरीनारायणः सुल्तानिया ऑटो केयर, 9407600319, सक्तीः गोयल ऑटो, 9303571001/7000490324, खरसियाः विजय ऑटो एजेंसी, 9993093829, सीतापुरः श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांवः ज्योति ऑटो, 9406399000, सारंगढ़ः गोपाल ऑटो सेंटर, 9827893203, सूरजपुरः आशा ऑटोमोबाईल्स, 9826440096, अकलतराः श्री ऑटो, 9424174274, कोटाः उर्मिला मोटर्स, 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स, 6268000180/8718888789, रामानुजगंजः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 8827674000, बाराद्वारः दुर्गा ऑटो एजेंसी, 8319982160, उदयपुरः बंसत ऑटोमोबाईल्स, 9406022927, तपकराः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुरः तायल ऑटोमोबाईल्स, 9617218005, पटनाः आयुश ऑटोमोबाईल्स, 8839141926, पालीः आनंद ऑटोमोबाईल्स, 7089519999, राजपुरः महामाया एजेंसी, 9516209272/9340726288, मदनपुरः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपतः मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, महापालीः साहू ऑटोमोबाईल्स, 7746028455, लखनपुर : पीएन ऑटोमोबाइल्स, 8839193005, बटौली : इक्छा ऑटोमोबाइल्स, 8770232677, कुसमीः बोल्बम ऑटो, 8120191597, विश्रामपुरः ख़ुशी ऑटोमोबाइल, 9826775718, झरगांवः ऐबानी मोटर्स, 7849000000, रामानुजनगर : जयसवाल ऑटो , 9926015773, बलंगीः नमो ऑटोमोबाइल्स, 9977876863, भैयाथानः आनंद ऑटोमोबाइल्स, 9977221111, प्रेमनगरः मानस ऑटोमोबाइल्स, 9131301594, लोरमीः महेश मोटर्स, 7974700929, खैरागढ़ः पुष्पक बिक्री, 9425554343, भानपुरीः अपराशा ऑटोमोबाइल्स, 9981009491, ऐडिशनल वर्कशॉपः अम्बिकापुरः आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज, 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः ओरियन ऑटोव्हील्स, 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्क्सः उरगाः बालाजी सर्विस स्टेशन, 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः बिलासपुर (सकरी): सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पाः आनंद हीरो, 7909901444, कोरबाः शांति हीरो, 7440299000, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुरः सत्या हीरो, 9289922464, खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com